# राजस्व टीम के सामने महिलाओं ने किया डीजल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास

## जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पर विवादित जमीन पर कब्जा करने के आरोप



शरीर के ऊपर डीजल डालती महिला। अमृत विचार



पैमाइश के लिए नक्शा देखते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ

**महिलाओं से मोर्चा लेने के लिए पहुंचीं नकाबपोश महिलाएं**

● विवादित जमीन पर कब्जा करने के कई बार प्रयास किए गये। यहां गांव की महिलाओं के आगे आने से प्रशासन को बैरंग लौटना पड़ता था। मंगलवार को जमीन की पैमाइश के लिए दूसरे पक्ष ने भी पूरी तैयारी की थी। गांव की महिलाओं से मोर्चा लेने के लिए नकाबपोश महिलाएं भी गाड़ी पर सवार होकर पहुंची थी। एक समाचार पत्र के छायाकार ने फोटो खींचने का प्रयास किया तो वह विरोध करने लगी।

● रम्पुरा गांव के सामने जमीन की पैमाइश करने गई थी टीम

**अमृत विचार।** सौरिख रोड पर रम्पुरा गांव के सामने कीमती जमीन कब्जाने का विवाद काफी पुराना हो चुका है। इसी विवाद के चलते गांव के एक अधेड़ की सर्दियों में मौत हो गई थी। अब जिला पंचायत की तरफ से प्रतीक्षालय के निर्माण की तैयारी की गई तो महिलाओं ने सड़क पर उतर कर विरोध कर दिया। राजस्व टीम के सामने डीजल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास किया। इसके बावजूद टीम ने सीमांकन करते हुए प्रतीक्षालय की भूमि सुरक्षित कर दी।

विकास खंड की ग्राम सभा खोजीपुर रम्पुरा में सौरिख रोड पर चौधरी जमादार सिंह महाविद्यालय के पास ग्राम पंचायत की जमीन है। यहीं पर रम्पुरा गांव निवासी कप्तान शाक्य की जमीन भी है। इसको लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। जिला मुख्यालय से प्रतीक्षालय के लिए जमीन आरक्षित करने के लिए मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। यहां नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जमीन की पैमाइश शुरू की तभी गांव की महिलाओं को हुजूम पहुंच गया। पैमाइश का विरोध करते हुए खुद पर डीजल छिड़क कर आत्मदाह का प्रयास करने लगीं। यह देख पुलिस के हाथ पांव फूल गये। नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने महिलाओं को समझाते हुए शांत कराने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि विवादित गाटा संख्या 730 है जबकि प्रतीक्षालय के लिए चिन्हित की गई जमीन गाटा संख्या 731 में सुरक्षित है इसमें कोई विवाद नहीं है।

# 'सरकार बनने पर सपा की बंद योजनाएं फिर होंगी शुरू'

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित भंडारे में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद

**अमृत विचार।** सपा सरकार में बंद हुई योजनाओं को सरकार बनने पर फिर से शुरू किया जायेगा। यह बात नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सपा नेता बउअन तिवारी के पंप पर ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित भंडारे में शामिल होने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने, तहसील, मनरेगा समेत हर जगह भ्रष्टाचार है। विजिलेंस टीमें पकड़ भी रही हैं पर इस पर अंकुश नहीं लग रहा है। आज मुख्य मंत्री हवाई यात्रा कर किसानों की फसलों को देख रहे हैं। उनको जमीन पर उतर कर किसानों की समस्या देखना चाहिये।सपा सरकार में किसानों के लिये सबसे अधिक काम मुलायम सिंह याव व अखिलेश यादव ने किये। सपा सरकार में ही 108, 102 एंबुलेंस सेवा चलाई गई। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव सपा बेवेरोजगारी, सामाजिक समरस्ता, सबका विकास जैसे मुद्दों पर लडेगी। इससे पहले उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान चालीसा, राम चरित मानस हमारी संस्कृति है यह पुस्तक हर घर में मिलेगी। इस मौके पर सपा नेता बउअन तिवारी के यहां पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, कलियान सिंह दोहरे. ओम प्रकाश तिवारी, तहसीन सिद्दीकी, इंजीनियर अनिल पाल, हसीव हसन, अंसुल गुप्ता, कल्लू नेता, सपा जिला प्रवक्ता विजय दुबे, गणेश द्विवेदी, श्याम सिंह यादव, समेत कई सपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को बांटा शर्बत

**कन्नौज।** जिले में ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को जगह-जगह भक्तों ने शर्बत व पूड़ी सब्जी प्रसाद के रूप में बांटी। जीटी रोड किनारे व मकरंदनगर रोड, सरायमीरा-कन्नौज रोड व तिर्वा रोड पर जगह-जगह भक्तों ने काउंटर लगा कर शर्बत व भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान रास्ते से निकल रहे लोगों को रोक रोक कर शर्बत पिलाया गया। माता फूलमती मंदिर पर पुजारी शिखर मिश्रा ने व बाबा कुआ पर हनुमान मंदिर के निकट, मकरंदनगर, रेलवे रोड के हनुमान मंदिर के निकट भी शर्बत व पूड़ी सब्जी वितरित की गई।

## सार-संक्षेप



शिक्षिका को सम्मानित करते प्रभारी प्रधानाध्यापक। अमृत विचार

### सम्मान समारोह के साथ समर कैंप का हुआ समापन

**गुरसहायगंज।** ब्लाक गुगरापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर रतनपुर में संचालित समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। छात्र छात्राओं ने फूलमाला, गुब्बारों आदि से स्कूल को सजाया। कुशल आयोजन के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक विपिन माथुर ने शिक्षक स्नेहलता, किरन चौहान को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समर कैंप में छात्रों ने जानकारी प्राप्त की ,काफी कुछ सीखा और आनन्द लिया। एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक विपिन माथुर ने शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जलपान मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान संतोष शर्मा स्नेहलता, किरन, दिव्या पाल, प्रिया, राखी, बीनू, रिद्धि, जानकी, काव्या, तेजस, प्रांशु आदि मौजूद रहे।

### अंकित पुनः बने संघ के जिला प्रचारक



अंकित।

**छिबरामऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अंकित को एक बार फिर से कन्नौज जनपद का जिला प्रचारक नियुक्त किया है। मंगलवार को कानपुर में हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने यह फैसला लिया। प्रांत प्रचारक श्रीराम जी ने प्रांत के सभी जिला प्रचारकों की घोषणा की। विगत 2 वर्षों में अंकित ने पूरे जिले में राम मंदिर कलश यात्रा, अक्षत पत्र, लोकसभा चुनाव में मतदाता निकलो अभियान एवं जिले के सभी गांवों को साइकिल यात्रा के माध्यम से पूरे जिले सभी खंड के गांवों में एक दूसरे जोड़कर बड़े कार्यक्रम करवाए। वे कानपुर में बाल्यकाल से संघ की शाखा में स्वयंसेवक हैं। बी,टेक की शिक्षा प्राप्त की फिर प्रचारक बनकर निकले। अंकित औरैया जिले के ग्राम रमपुरा बरौना कलां के निवासी हैं।



मंडी गेट पर भंडारा खिलाते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

### छिबरामऊ में भी शरबत और पूड़ी-सब्जी का वितरण

**छिबरामऊ।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर नगर में विभिन्न स्थानों पर शरबत और पूड़ी–सब्जी वितरण का आयोजन किया गया। पुरानी गुड़ मंडी के गेट पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टाल लगाकर पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। इससे पहले हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद पूजन किया गया और फिर भोग लगाकर प्रसाद वितरण का शुभारंभ हुआ इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, अमित भारतीय, प्रभाकर गुप्ता, दीपांक दुबे, रामू, अमोघ गुप्ता राम, प्रियांशु गुप्ता, तासु, अबली गुप्ता सहित कई व्यापारियों ने वितरण कार्य में सहयोग किया। श्री विजय नाथ मंदिर के पास सोनू गुप्ता और उनके सहयोगियों ने ठंडे शरबत का वितरण किया।

### किसान के 81 हजार रुपये छीनकर बाइक सवार फरार

**गुरसहायगंज।** साइकिल से रुपये जमा करने बैंक जा रहे किसान से बाइक सवार बदमाशों ने 81 हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। किसान ने शोर मचाया लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। ब्लाक तालग्राम के ग्राम जहांगीरपुर निवासी वृद्ध किसान लंकुश वर्मा पुत्र रामविलास वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार की दोपहर घर से साइकिल से मलिकपुर स्थित बैंक में 81 हजार रुपये जमा करने जा रहा था। रुपये, खाना, बैंक पासबुक, आधार व अन्य सामन झोला में रखकर साइकिल के हैंडल पर टांग लिया। जैसे ही वह मार्ग पर स्थित नलकूप के निकट पहुंचा पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और झोला छीन कर फरार हो गए। कुछ दूरी पर झोला व अन्य सामान पड़ा मिल गया। लेकिन लुटेरे रुपये ले गए।

## रानी लक्ष्मी बाई महिला कोष के 6 प्रकरणों को मिली स्वीकृति

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना को लेकर कमेटी की बैठक हुई। कमेटी ने 06 प्रकरणों की स्वीकृति दी।जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि योजना के तहत जघन्य अपराधों में आर्थिक सहायता दी जाती है।

पीड़िताओं/ उनके परिजनों को 1 लाख रुपये 10 लाख तक क्षतिपूर्ति धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से बैंक खाते में भेजी जाती है। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिक्षक डॉ. शक्ति बसु, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या, अग्रणी बैक प्रबंधक अमरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## मकान पर किया कब्जा, विरोध पर पीआरडी जवान को पीटा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मकान पर कब्जा कर लिया गया। विरोध करने पर पीआरडी जवान को पत्नी समेत मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत एसपी से की गई है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव हिम्मत नगला बमरौली निवासी श्याम सिंह पुत्र राम नाथ ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसके भाई औसान सिंह व रवीश कुमार शामिल मकान में रहते हैं। एक भाई की मृत्यु हो चुकी है तथा उनकी दो बेटियां उसके साथ रहतीं हैं। दोनों भाइयों ने मृत भाई के हिस्से के मकान पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पुत्रियों के लिये हिस्सा मांगने पर मारपीट करते हैं। इस भूमि के संबंध में एसडीएम छिबरामऊ आदेश भी कर चुके हैं और तालग्राम पुलिस को कब्जा दिलाने को आदेशित किया था। पुलिस ने मौके पर नहीं गई। पीड़ित ने एसपी विनोद कुमार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### खाद व्यापारी की सड़क हादसे में मौत, मचा कोहराम

**छिबरामऊ।** तिलोकापुर में बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में गये खाद व्यापारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिलोकापुर में सोमवार को एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव के ही खाद व्यापारी राकेश चन्द्र पाल भी गये थे। वह बाइक पर सवार थे। सिकन्दरपुर से सिंघीरामपुर जाने वाले रोड पर काली नदी के ददौरापुर पुल पर बाइक सवार खाद व्यापारी को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। राकेश पाल शहर के तालग्राम रोड पर मथुरा प्रसाद कोल्ड स्टोरेज के पास खाद की दुकान किए थे। परिवार के साथ शहर में रह रहे थे।

# हादसे का कारण बन रहे हाईवे के नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन

संवाददाता जसोदा, कन्नौज

● जसोदा कट के नो पार्किंग जोन में खड़े ट्रक व डीसीएम

● अज्ञात वाहन ने नो पार्किंग में खड़ी डीसीएम में मारी टक्कर

**अमृत विचार।** गाजियाबाद कानपुर ग्रीनफील्ड हाईवे के नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर हादसे का शिकार हो रहे हैं।

सोमवार की रात लगभग तीन बजे जसोदा कट के पास बने नो पार्किंग जोन में खड़ी डीसीएम में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे डीसीएम चालक अमर सिंह बाल बाल बच गया। जबकि डीसीएम का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

डीसीएम चालक ने बताया कि वह डीसीएम में सामान लादकर अमेठी से गाजियाबाद जा रहा था। जबकि जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण यहां पर इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इन हादसों से प्रशासन सबक नहीं ले रहा है। जबकि शाम होते ही ट्रक, डीसीएम व अन्य वाहन नो पार्किंग जोन में आड़े-तिरछे खड़े दिखाई पड़ते हैं। जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।



हाईवे के नो पार्किंग जोन में खड़ी डीसीएम व ट्रक। अमृत विचार



राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में समर कैंप समापन के दौरान उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक। अमृत विचार

# समर कैंप में शामिल हुए 22,159 विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ छिबरामऊ

● अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

● माध्यमिक व बेसिक स्कूलों में 21 मई से शुरू हुआ था समर कैंप

**अमृत विचार।** माध्यमिक व बेसिक शिक्षा के स्कूलों में 21 मई से चल रहे समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। माध्यमिक विद्यालयों में 22,159 छात्र-छात्राएं समर कैंप शामिल हुए। जिले के 19 राजकीय, 8 अशासकीय सहायता प्राप्त व 6 वित्तविहीन विद्यालयों में कैंप लगा। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अजय यादव ने कैंपों का निरीक्षण किया।

राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में अभिभावक- अध्यापक एसोशिएशन के अध्यक्ष महेंद्र, संतोष श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार ने विचार व्यक्त किए। डीएन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता गंगाचरण यादव ने कहा, जीवन में निरंतर सीखना महत्वपूर्ण है। विद्यालय में व्यक्तित्व का निर्माण होता है जो जीवन में तनाव और संघर्षों में मदद करता है। प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता ने कहा कि शिक्षा जीवन में बदलाव लाती है। आपके पास खोने को कुछ नहीं है, पाने के लिए बहुत कुछ है। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर महेश, अरविंद, सुनीता, सर्वेश, विमला, शिवांशु, आकाश, अमन व शिवचंद्र मौजूद रहे। दूसरी ओर छिबरामऊ के हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में बच्चों ने शिक्षिका वेदिका और नीरज के मार्गदर्शन में तैयार नृत्य, संगीत और नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समर कैंप प्रभारी मेजर संदीप माधव एवं सह प्रभारी स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह ने 21 दिनों की गतिविधियों को बताया। सर्वाधिक विधाओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में सोनम, आभा, लीजा, तनु, नैन्सी, अंकित कुमार को प्रबंधक ने मेडल दिए। सभी 121 बच्चों को प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। 35 एनसीसी कैडेट्स के फतेहगढ़ में 9 से 18 जून तक कैंप में होने के कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर अजय चौरसिया, कवि श्याम किशोर दुबे, श्याम सिंह यादव नारायण गुप्ता, मजबूत सिंह पाल, शैलेंद्र शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।







नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बुधवार को तेज धूप निकलने से गर्मी में बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना है। फिलहाल बादल-बारिश के आसार।

43.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:02

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करने में चार पर रिपोर्ट

**तिर्वा।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर युवक की जमीन बिक्री करने के मामले में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना ठठिया के कंहईपुर्वा चंदौली गांव निवासी राजीव कुमार पुत्र राधाकृष्ण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी कृषि भूमि आराजी मौजा चंदौली में है। 25 मार्च को उसकी जमीन की बिक्री फर्जी आधार कार्ड व अन्य कागजात तैयार करके अन्नपूर्णा नगर निवासी सुमनदेवी पत्नी राजकमल को कर दी। बैनामा वकील सुरेंद्र कुमार शाक्य ने लिखा जिसमें गवाही मुगरा गांव निवासी अरविन्द कुमार पुत्र लल्लऊ व दुर्गानगर निवासी जीतेन्द्र कुमार पुत्र विनोद कुमार ने की। इन लोगों ने फर्जी बैनामा कर दलाली की। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर बैनामा निरस्त करने की मांग की।

### न्यायालय के आदेश पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई है। ब्लाक गुगरापुर के ग्राम ईसापुर पट्टी निवासी रागिनी ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने गांव में अपनी सास राम कुमारी के साथ रहती है। घर के लोग केरल में रहकर व्यवसाय करते हैं। बताया कि उसके घर के लगा हुआ उसके ताऊ रामकुमार और रामेश्वर का घर है। उनके दरवाजे पर हैंडपंप लगा जिसका सारा पानी उसके घर में आता है। इसकी शिकायत उसने 01 अप्रैल 2025 की शाम 4.30 बजे रामकुमार से की थी। इस पर रामकुमार ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने साथी जहीरुद्दीन, जलालुद्दीन, मूलचंद को बुला लिया। सभी लोगों ने उसके घर में घुसकर उसकी सास और उसके साथ अभद्रता की। मकान में आग लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिले में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

## अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंचा, तपिश से लोग हुए बेहाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बाजारों में कारोबार पर पड़ा असर




**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह खत्म होने को है। इसके साथ ही गर्मी चरम की ओर पहुंच रही है। इसी क्रम में अधिकतम तापमान रिकार्ड तोड़कर 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा जिसमें लोगों ने 47 डिग्री सेल्सियस तापमान सी गर्मी महसूस की। नाममात्र को चली पछुआ हवा से लोग बेहाल हो गए। ऐसे में दिन के समय सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति देखी गई।

मंगलवार की सुबह आठ बजे के बाद से ही गर्मी का सितम बढ़ना शुरू हो गया। 10 बजते-बजते तापमान इस कदर बढ़ा कि लोगों को तन झुलसाती गर्मी का अहसास हुआ। पूरे दिन सड़कों व बाजार में छुट्टी जैसा नजारा दिखाई दिया। हालांकि ठेली वाले और सामान्य दुकानदार रोज की तरह जमे रहे लेकिन ग्राहकों का टोटा ही रहा। जो लोग जरूरी काम होने से सड़कों पर निकले वे भी जूस, ठंडे पेय की दुकानों पर गला तर कर गर्मी से राहत पाने के प्रयास करते दिखाई दिए। ज्येष्ठ माह का अंतिम मंगल होने के साथ महीना समापन में भी एक दिन का समय शेष है और तन झुलसाती गर्मी का कहर तेज हो गया है। कल यानी गुरुवार से आषाढ़ लग जाएगा। इसके बाद भी अभी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान भी अब तक का सबसे अधिक 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

पछुआ हवा 5-7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली जबकि आर्द्रता 30 प्रतिशत रिकार्ड की गई। जानकारी दी कि भले ही तापमान 43 रहा लेकिन फील तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा की गति अत्यंत कम होने के साथ गर्मी का असर तेज रहा जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार तक तापमान व मौसम की स्थिति इसी तरह की रहने का अनुमान है। शनिवार को कहीं-कहीं बादल छा सकते हैं। इसके बाद फिर से तापमान में बढ़ोतरी होगी। किसानों को सलाह दी है कि इस समय सिंचाई रात में करें। पालक अपने पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए जूट के भीगे बोरों से कवर करें और जो सक्षम हैं वे कूलर आदि लगाकर उनको राहत दें।

### जिला अस्पताल में दिव्यांग गश खाकर गिरा

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में दर्द की दवा लेने आया अधेड़ दिव्यांग तेज गर्मी के चलते बेहोश होकर गिर गया। कर्मचारी उसे इमरजेंसी ले गये जहां डाक्टर ने उपचार दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरापुर निवासी राजवीर दिव्यांग है। शरीर में दर्द होने पर वह नशे की हालत में जिला अस्पताल दवा लेने पहुंचा। ओपीडी में वह फर्श पर गिर कर बेहोश हो गया। यह देख कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे इमरजेंसी में भर्ती कराया। इलाज होने के बाद होश में आया तो अपना नाम पता बताया। ठीक हो जाने के बाद भी इमरजेंसी में डाक्टर ने उसे भर्ती रखा। डाक्टर का कहना था कि तेज धूप व गर्मी से वह बेहोश हुआ था। यदि दोपहर के समय दोबारा बाहर निकला तो फिर से हालत खराब हो सकती है। इस लिये इस की छुट्टी साम के समय की जायेगी।

# महिलाएं बोलीं, साहब ! कोटेदार करता अभद्रता

संवाददाता तिर्वा

● अंगूठा लगवाने बाद राशन न देकर नशे में गलत व्यवहार का आरोप

**अमृत विचार।** कोटेदार के व्यवहार से आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई के साथ राशन दुकान बदलवाने की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौंप दी।

कोतवाली के सखौली गांव निवासी कई पात्र गृहस्थी कार्डधारक महिलाओं ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि जब वे कोटेदार के पास राशन लेने जाती है तो वह नशे में रहता है। राशन न देकर कार्ड धारकों से अभद्र व्यवहार करता है। कभी-कभी तो अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नही देता है। जब वह लोग राशन मांगती हैं तो अभद्रता करके भगा देता है। राशन कार्ड कटवा देने की धमकी देता है। मांग की कि उन लोगो को दूसरे कोटेदार से राशन दिलाया जाए। एसडीएम ने नायब तहसीलदार अमित पाठक को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। इस मौके पर राधा देवी, रामबेटी, अनीता, श्रीदेवी, ओमवती, रज्जो, रेखा, रेशमा, विश्राम सिह, रमेश चंद्र, कैलास समेत दर्जनो कार्ड धारक मौजूद रहे।


तहसील में खडी राशन कार्ड धारक महिलाए, पुरूष। अमृत विचार

### चार लोगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा।** रंजिश के चलते चार लोगो ने युवक को मारपीट कर लहुलूहान करने में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कोतवाली के सतौरा गांव निवासी जान मोहम्मद पुत्र सहनुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 28 मई को वह दरवाजे पर लेटा हुआ था। तभी गांव के लल्ला, गुड्डू, पुत्रगण दोस्तमोहम्मद, महताब पुत्र जुम्मन, छुन्नू पुत्र गुड्डू आए और रंजिश को लेकर गालीगलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उक्त लोगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# किशोरी से छेड़खानी में दौलेश्वर मंदिर के पुजारी को हुई सजा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● करीब 9 साल पहले की घटना में चार साल की जेल

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दौलेश्वर मंदिर के पुजारी को किशोरी से छेड़खानी में सजा सुनाई है। करीब नौ साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध होने पर चार साल की जेल तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी (15) कोतवाली में 26 अप्रैल 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह दोपहर करीब एक बजे अपनी सहेली के साथ दौलेश्वर मंदिर आई थी। मंदिर बंद होने के कारण बाहर बैठकर खुलने का इंतजार करने लगी। करीब 2.25 बजे मंदिर खुला तो वह सहेली को गेट के बाहर खड़ा करके अकेले दर्शन करने अंदर चली गई। जैसे ही दौलेश्वर बाबा के अर्घा में में दर्शन करने को खड़ी थी वैसे ही मंदिर का पुजारी गोवर्धन पुत्र रघुराज सिंह निवासी फतेहपुर थाना तिर्वा अंदर आया और उससे छेड़खानी करने लगा। वह चिल्लाकर भागी तो सहेली के पूछने पर पूरी बात बताई। इसके बाद रिपोर्ट लिखाने कोतवाली आई। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचना व आरोप पत्र दाखिल किया गया।


दोषसिद्ध पुजारी।

प्रकरण में सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश ने दोष सिद्ध आरोपी को सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की कैद और भुगतने का आदेश दिया। साथ ही अर्थदंड की रकम अदायगी पर इसे पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# संस्था ने जमा कराया अर्थदंड, बाहर आया बंदी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की पहल से जेल से बाहर आ सका शकील

● न्यायालय ने 5 महीने 19 दिन की कठोर सजा व 4500 रुपये अर्थदंड लगाया था

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की पहल पर स्वयं सेवी संस्था मदद को आगे आई जिस वजह से शकील की रिहाई हो गई।

सचिव ने बताया कि बंदी शकील उर्फ कटोरा ने जेल अधीक्षक के जरिए प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र भिजवाया था। शकील ने बताया कि न्यायालय ने 05 माह 19 दिन की कठोर सजा व 4500 रुपये अर्थदंड लगाया था। शकील ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व असहाय है जिस वजह से अर्थदंड देने में सक्षम नहीं है। उसने 4500 रुपये जमा कराने की याचना की। सचिव ने प्रकरण का संज्ञान लिया और स्वयं सेवी संस्थाओं से संपर्क किया। कुछ कोशिशें नाम की संस्था ने बंदी के लिए स्वेच्छा से अर्थदंड जमा कराने की अनुमति मांगी। सचिव ने इसकी अनुमति प्राप्त कर बंदी का अर्थदंड जमा कराया उसके बाद शकील की जिला जेल में रिहाई हो गई।


रिहा होकर बाहर बैठा शकील उर्फ कटोरा।

# धमकी दे महिला बोली, सपा की सरकार आई तो तुम्हे कौन बचाएगा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● कोतवाली में महिला ने युवकों को दी धमकी

● वीडियो वायरल, अहमदपुर रौनी गांव की है महिला

**अमृत विचार।** कोतवाली सदर के अंदर एक महिला ने सरकार बदलने पर युवकों को देख लेने की धमकी दी। इसका किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस वीडियो में महिला तेज आवाज में कह रही है कि जब भाजपा की सरकार नहीं रहेगी तब तुमको कौन बचाएगा? महिला कोतवाली में बंद अपने परिजनों को छुडाने के लिये आई थी।

सदर कोतवाली परिसर में दो महिलाएं परिजन को छुड़ाने के लिये आई थीं। यहीं पर उनको कुछ युवक दिखाई दिये तो एक महिला आगबबूला हो गई और कोतवाली के अंदर ही उनको धमकी देने लगी। महिला का धमकी देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह धमकी देते हुए कह रही है कि भाजपा सरकार हमेशा नहीं बनी रहेगी। जैसे सुब्रत पाठक सांसद नहीं रहे, वैसे ही भाजपा की सरकार भी नहीं रहेगी। तब तुम लोगों को कौन बचाएगा। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जानकार बताते हैं कि यह महिला सदर कोतवाली क्षेत्र के अहमदपुर रौनी गांव की रहने वाली है। उसके परिजनों का हाईवे पर मानपुर कट से पहले ढावा है। जहां तीन दिन पहले उसके भाइयों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मानपुर निवासी शानू कटियार के साथ मारपीट की थी। जब पुलिस पहुंची तो उससे भी अभद्रता की थी। मामले में पुलिस ढावा संचालक और उसके साथियों को पकड़ कर कोतवाली ले आई तो महिला उनको छुड़ाने के लिये पहुंची थी। बताया जाता है कि वह लोग पीड़ित युवक पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे।

जब मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो महिला खुलेआम धमकी देने लगी। यही नहीं कोतवाली गेट पर भी उक्त युवकों को धमकी दी गई। काफी देर हंगामा होता देख कार्यालय में बैठे पुलिस कर्मी बाहर निकल आये और महिला व युवकों को हड़काते हुए मौके से दूर कर दिया।

## सार-संक्षेप


वकीलो के साथ बैठक करते तहसीलदार। अमृत विचार

### बार बेंच में सामंजस्य स्थापित कर जनता को दिलाएं न्याय

**तिर्वा।** आम जन को न्याय दिलाने के लिए बार-बेंच में सहयोग स्थापित करने के लिए वकीलो ने तहसीलदार से परिचय बैठक की। तहसील में छिबरामऊ से स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार अवनीश सिंह के साथ तहसील लायर्स वार एसोसिएशन के सदस्यों ने तहसील सभागार में एक परिचय बैठक की। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि हमेशा बार बेंच के बीच सहयोग स्थापित करने का काम किया जाएगा। कोई भी फरियादी उनके यंहा से निराश होकर नही जाएगा। सभी के लिए न्याय हित में काम किए जाएगे। उन्होंने वकीलों से न्यायालय के कामों के बारे में जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि उनके कर्मचारी से दिक्कत आती है तो वकील उनको जानकारी दें। वह उस परेशानी को दूर करने का काम करेगे। इस मौके पर बलराम यादव, राजेंद्र राजपूत, सतीश राजपूत, अरविंद राजपूत, रामगोपाल, हरीशंकर राजपूत, भूपेंद्र सिंह, कुलदीप समेत बार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**छिबरामऊ।** दहेज लोभी ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग कर विवाहिता व उसके पिता के साथ मारपीट कर देर रात घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जनपद फर्रुखाबाद थाना नवाबगंज के ग्राम नगला झबरा निवासी गिरन्द सिंह पुत्र पंचम सिंह ने बताया कि उन्होंने 4 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री बबीता का विवाह छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुबरियापुर निवासी राकेश कुमार के पुत्र संजीव उर्फ जंतर के साथ हिंदू रीति रिवाज से दान दहेज देकर किया था। शादी के कुछ समय बाद ही उक्त ससुराल पक्ष पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उनका आरोप है कि सोमवार को ससुराल पक्ष ने पुत्री के साथ मारपीट की, जिसकी सूचना पुत्री ने उन्हें दी जिस पर वह ससुराल पहुंचे और वहां बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन उक्त ससुराली जनों ने पुत्री व उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी और अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक, एक सोने की जंजीर तथा 1 लाख रुपए नगद की मांग पूरी न होने तक घर में नही घुसने देने की बात कहकर घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गालीगलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम मझपुरवा निवासी वसीम पुत्र मखमूल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 07 जून की शाम 06 बजे गांव के जावेद की बकरियां उसके मक्के की फसल चर रही थी। शिकायत करने पर जावेद, सावेज, तहसीम, अयान ने गालीगलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से फराज पुत्र अयाज ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी बुआ के दरवाजे पर बैठा था। तभी रंजिश को लेकर गांव के ही मतलूम, लईक, अरबाज, अरमान, वसीम और तीन चार अज्ञात लोगों ने उसके दरवाजे पर जाकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहल | आसपास के जिलों में सबसे अधिक कन्नौज जनपद में होती है पैदावार

# अब लखनऊ में दिखेगी मक्का की धाक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● कृषि निदेशालय से पत्र आने के बाद 7 से 8 वैरायटी के भुट्टे जा रहे लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 जून को औरैया में किसानों के कार्यक्रम में शिरकत की थी। उसी दौरान उन्होंने मक्का की खेती पर फोकस करते हुए भाषण दिए। भले ही पड़ोसी जनपद में मक्का की खेती पर बात रखी हो लेकिन आंकड़े बताते हैं कि गर्मी की मक्का आसपास के जनपदों में सबसे अधिक कन्नौज जिले में होती है। सीएम के प्रोग्राम के बाद अपने जनपद के भुट्टे (मक्का) कृषि निदेशालय लखनऊ में रखे जाएंगे। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो गईं हैं।

मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने जनपद के किसानों के खेतों से 7-8 वैरायटी (किस्मों) के भुट्टे मंगाए। उन्होंने बताया कि जायद संकर मक्का के भुट्टे कृषि निदेशालय में मंगाए गए हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद इस पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि डिकाल्ब, पायनियर, काबेरी, त्रिमूर्ति, हरलाल, सिंगो, बायो सीड्स व दानवीर किस्म की मक्का लखनऊ भेजी जा रही है। कन्नौज से इस तरह की मांग कृषि निदेशालय ने पहली बार की है। जिला कृषि अधिकारी का तर्क है कि प्रदेश की राजधानी में भुट्टों का डिस्प्ले किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी व अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी ने भुट्टों के साथ किसान का नाम, गांव, मक्का की किस्म आदि की पर्ची बनाकर भेजी है। जिससे किसी तरह का भ्रम या चूक न हो सके। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि गर्मी व बरसात दोनों तरह की मक्का फसल यहां होती है।

जायद की मक्का का रकबा करीब 55 से 60 हजार हेक्टेयर है। सूत्रों की माने तो औरैया में करीब 5 हजार हेक्टेयर व फर्रुखाबाद में करीब 40 से 45 हजार हेक्टेयर में मक्का फसल होती है।


जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार के साथ मक्के के भुट्टों की किस्म की सूची बनाते अपर जिला कृषि अधिकारी हरेंद्र तिवारी। अमृत विचार

# 236 बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता मिल रही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/ एडीजे लवली जायसवाल ने निःशुल्क विधिक सहायता के लिए नियुक्त लीगल एंड डिफेंस कांउसिल, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्त अधिवक्ता एवं पीएलवी के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की।

तहसील सदर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विनोद दीक्षित, तहसील छिबरामऊ के जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज गुरसहायगंज एवं तिर्वा के उमर्दा ब्लॉक में लीगल एड डिफेंस काउंसिल, स्थायी लोक अदालत, ग्राम लोक अदालत एवं आगामी लोक अदालत के लाभ बताए गए। पराविधिक स्वयं सेवकों शुभा तिवारी, सीमा बानो, नितिन, रिया, स्नेहा, मोसमीन ने कई जानकारियां दीं। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण ने बताया कि वर्तमान में 236 विचाराधीन बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता दी जा रही है। पैनल अधिवक्ता भी कई मामलों के 47 पक्षकारों की निःशुल्क पैरवी कर रहे हैं।

सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जाए। बैंक, पोस्ट ऑफिस, महिला लिटिगेट शेड एवं बेबी फीडिंग सेंटर, पिंक टॉयलेट एवं मीटिंग रूम के टॉयलेट का प्रचार-प्रसार करने के लिए पंफलेट कार्यालय लिपिक से प्राप्त करने को कहा गया।

# गंगा स्नान करते समय दो किशोरों की डूबने से मौत

## कमालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुआ हादसा, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को गंगा स्नान करते समय दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई।

कमालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुरसराय का निवासी अरुणकुमार जाटव उम्र करीब 16 वर्ष तथा उसका फुफेरा भाई सागर उम्र करीब 13 वर्ष कन्नौज के गंगागंज गली सुरौली के निवासी थे। मंगलवार को सुबह 9:30 बजे ग्राम शेरपुर सराय से कुछ दूरी पर निकली गंगा नदी में स्नान करने के लिए पहुंचे। दोनों किशोर गंगा स्नान करने लगे, इसी दौरान गहरे जल में किशोर सागर के अचानक डूबने पर उसे बचाने के लिए अरुण कुमार भी गहरे जल में पहुंच गया। दोनों किशोर गंगा में डूब गए।


गंगा घाट पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि इन दोनों किशोरो के अचानक गंगा में डूबने की जैसे ही जानकारी मिली, पुलिस ने ग्राम भटपुरा से गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन शुरू कराई और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गहरे जल से शवों को बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर मोदी सरकार के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने विस्तृत जानकारी दी एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई।

उन्होंने बताया 12 तारीख को भाजपा जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शनी का आयोजन है। उसी दिन सांसद मुकेश राजपूत अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे द्वारा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया जाएगा। 12 जून को ही कुसुम बैंक्विट हॉल में प्रबुद्ध वर्ग समागम सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश से पदाधिकारी जनपद पहुंचेंगे। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की।

बैठक में संगठन के वरिष्ठ नेताओं पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, डॉ. नवल किशोर शाक्य, प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य विजय यादव, डॉक्टर जेपी वर्मा वरिष्ठ सपा नेता, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सुरेंद्र सिंह गौर जिला उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष ने पार्टी को कैसे मजबूती मिले इस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इनके सहित जिले भर के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सपा नेता मुन्ना यादव एडवोकेट ने किया। 1 जुलाई को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस को जनहित के कार्यों, पौधारोपण और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पीडीए पर विस्तार से चर्चा की गई और पीडीए अभियान निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सिराजुल अफाक मुन्ना, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमर खान, फ्रंटल प्रभारी रामपाल सिंह यादव, जितेंद्र यादव राष्ट्रीय सचिव युवजनसभा, नरेंद्र सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर, मोहम्मद अजहर खान जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, अरविंद यादव नगर अध्यक्ष शमशाबाद, मुन्ना यादव एडवोकेट, रामशरण कठेरिया वरिष्ठ सपा नेता, बिल्लू श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष कमालगंज, उदय प्रताप भोला विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर, अखिल कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बाइक सवार पुलिस कर्मी का चालान कराते हुए सीओ सिटी। ● अमृत विचार

### मनमानी पर पुलिस कर्मियों के काटे गए चालान

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अपने ही विभाग के लोगों को सबक सिखाने के लिए अनोखी पहल की। उन्होने मंगलवार को नियमों का पालन न करने पर पुलिस कर्मियों के चालान करवाए। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस लाइन गेट पर यातायात प्रभारी ने पुलिस कर्मियों के चालान किए। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि आम नागरिकों के चालान करने से पहले पुलिस कर्मियों के चालान अभियान चला कर किये गए। बिना हेलमेट बिना नम्बर प्लेट के बाइक सवार पुलिस कर्मियों के चालान करने पर पुलिस वालों में हड़कंप मच गया। उन्होने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। बताया कि जब पुलिस कर्मियों के चालान होंगे तभी आम जनमानस भी जागरूक होगा।

### सड़क हादसों में 5 घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें दो की हालत गंभीर है। थाना मेरापुर के गांव सराय अगहत निवासी मुईन खां (65) व जनक सिंह (70) कायमगंज नगर से सटे गांव दतू नगला निवासी शेर सिंह (60) कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव रायपुर खास निवासी माजिद का 5 वर्षीय पुत्र आलम व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव मेंदपुर निवासी सुनीता (32) पत्नी मुकेश चंद्र गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मुईन खा व सुनीता को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### चकरोड की पैमाइश कराते समय दो पक्ष भिड़े

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर पट्टी सफा निवासी राजपाल सिंह, शीलेन्द्र सिंह, हरिनन्दन सिंह व कृष्णपाल सिंह को पुलिस घायल अवस्था मे मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लायी जहां उपचार के दौरान राजपाल सिंह ने बताया कि मौके पर जाकर कानूनगो व लेखपाल ने नक्शा के अनुसार चकरोड़ की पैमाइश की कोई बात नहीं थी लेकिन गांव के ही दबंग लोग चकरोड़ की नाप तौल से खुश नहीं थे। वह चाहतें थे कि चकरोड़ वहां स्थित उसके खेत से होकर जाये। उन लोगों ने वहां आकर गाली गलौज शुरू कर कर दिया। जब इस बात विरोध किया तो उन सभी लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। तभी दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दोनों पक्ष से लोग घायल हो गए। एक पक्ष से राजपाल, शीलेन्द्र व हरिनंदन वही दूसरे पक्ष से कृष्णपाल गंभीर घायल हुए। उन सभी का पुलिस ने मेडिकल कराया। वही पुलिस मामले की जानकारी कर रही है।

### महिला दो बच्चों संग लापता, पति ने पुलिस को दी तहरीर

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ अचानक लापता हो गई। महिला के पति ने पत्नी और बच्चों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कुछ सुराग न लगने पर मंगलवार को नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। जानकारी के अनुसार युवक 1 जून को किसी जरूरी काम से घर से बाहर गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी दिन में किसी समय बिना किसी को बताए अपने दोनों बच्चों को लेकर घर से चली गई। जब युवक शाम को घर लौटा तो पत्नी और बच्चे घर पर नहीं मिले। परेशान युवक ने पत्नी को गांव, आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी ढूंढा, लेकिन महिला और बच्चों का कहीं कोई पता नहीं चला। थक-हारकर युवक मंगलवार दोपहर नवाबगंज थाने पहुंचा और अपनी पत्नी व दोनों बच्चों की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### युवती को भगा ले गया प्रेमी, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोहिया नगर रोहिला निवासी अनुज कुमार ने हरदोई जनपद के सांडी थाना क्षेत्र के गांव पिडारी निवासी पंकज उर्फ गोलू यादव और उसके एक अज्ञात साथी के विरुद्ध पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। अनुज की शादी 18 अप्रैल 2025 को हरदोई के गांव मदारा निवासी अलका के साथ हुई थी। अनुज का आरोप है कि उसकी पत्नी अलका अपने मायके के पास रहने वाले पंकज से फोन पर बात करती थी। 4 जून की रात 8:30 बजे पंकज मोटरसाइकिल से रोहिला पहुंचा और अलका को जबरन ले जाने लगा। विरोध करने पर पंकज ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी और महिला को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवती ने दो युवकों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**जालौन।** बाबा को खेत पर पानी देने जा रही किशोरी को गांव के दो युवकों ने जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने पर युवक ने किशोरी का कुर्ता फाड़ दिया। पीड़िता के पिता ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी खेत में काम कर रहे बाबा को मंगलवार की दोपहर पानी देने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बैठे गांव के ही दो युवकों ने रास्ते में बने भूसाघर के पास उसे रोक लिया। युवक उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे भूसाघर तक खींच ले गए। जब किशोरी ने विरोध किया तो उन्होंने उसका कुर्ता फाड़ दिया। बेटी की चीख सुनकर गांव के लोग आ गए और युवकों को ललकार तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। डरी सहमी बेटी ने भागते हुए घर आकर आपबीती बताई।

### विषाक्त पदार्थ का सेवन से युवक की मौत

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गुढ़ा में युवक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शेखपुर गुढ़ा निवासी राजकुमार उर्फ मंगोले 19 वर्ष शराब का सेवन कर लेता था। सोमवार रात 9 बजे के आस पास वह अचेत हो गया था। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया था लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टर के मुताबिक उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया था वहीं परिजनो ने बिना पोस्टमार्टम के ही उसका दाह संस्कार कर दिया। इससे उसकी मौत का राज दफन हो गया है।

# घोटाले पर सभासदों ने मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- नगर पंचायत में एक साल से डीजल चोरी व अन्य मामले
- कई सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कमालगंज के आधार एक दर्जन सभासदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर पंचायत में एक साल से डीजल चोरी के अलावा तीन कर्मचारी फर्जी ढंग से पंचायत कार्यालय में नौकरी कर रहे हैं और उनको नियमित वेतन भी दिया जा रहा है। बिना सभासदों के हस्ताक्षर करे जेसीबी सहित अन्य उपकरण भी मंगा लिए गए हैं इन सभी में घोटाला किया गया है।

सभासद सुभाष चंद्र शर्मा अनुराग यादव, अवधेश, विमलेश, अशोक श्रीवास्तव रोशनी, मंजू देवी ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को बताया कि नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी स्थाई रूप में नियुक्त किया जाए। साथ ही एक कर्मचारी की नियुक्ति भी होना जरूरी है। सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत में तीन कर्मचारी फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे हैं इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। सभासदों का कहना है कि पूरे नगर पंचायत में अभी तक कोई भी कार्य ठीक से नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में बिजली जाने पर सारी लाइट जनरेटर से नहीं जलाई जाती जबकि कस्बा में लाइट आती है तब लाइट जलती है जनरेटर अंडरग्राउंड लाइन है वह भी सारी बेकार पड़ी हुई है इसको ठीक नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी मिलकर नगर पंचायत में अपनी मनमानी कर रहे हैं जांच कराए जाने की मांग की है।

# जान से मारने की नीयत पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** युवक को जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किए जाने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला दल मीर खा निवासी मनीष कुमार राजपूत 29 मई की रात को कस्बा क्षेत्र के दिल्लू शाह चौराहे से बाजार होकर घर वापस लौट रहे थे तभी मोहल्ला बजरिया निवासी आरोपी ने लाठी डंडों मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उनके गंभीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना पर परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर डॉक्टरी परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया ने घायल युवक मनीष राजपूत की तहरीर पर मोहल्ला बजरिया निवासी शबीब असलम सरताज एवं अशफाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फुटपाथ से ठिलिया दुकानदारों को हटाने पर आक्रोश, ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मंगलवार को दर्जनों फुटपाथी दुकानदारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

ठिलिया दुकानदार मोनिका दीक्षित ने कहा कि 52 साल से मकान है और मकान भी अतिक्रमण अभियान का नोटिस देकर गिरा दिया गया है। 2021 से ठिलिया लगा कर परिवार की गुजर बसर हो रही थी। अब वह भी सहारा टूट गया है। इस मांग को लेकर नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल ने कहा कि बस अड्डे से लेकर बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के फुटपाथ पर ठिलिया दुकानदार दुकानें नहीं लगाएगे। इस बात से नाराज़ दुकानदारो ने नगर मजिस्ट्रेट से कहा कि इन दुकानों से अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आए दिन इन दुकानों की वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। अधिकारियों के जाम में फंसने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। साथ ही नगर पालिका के माध्यम से इन सभी दुकानदारों को नोटिस भी दिया गया। कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध भी किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने दुकानदारों का पक्ष रखते हुए कहा कि उनके साथ इंसाफ किया जाना चाहिए क्योंकि गरीब के पास उसकी ठिलिया ही होती है जिससे वह पैदा करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। इसलिए इन सभी दुकानदारों को दुकान लगाने की अनुमति दी जाए या कहीं इन सभी को स्थान ऐसा दिया जाए जहां यह अपनी दुकान लगा सकें।


कलेक्ट्रेट में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते दुकानदार और किसान नेता।

# चयनित पुलिस अभ्यर्थी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। भदौरिया क्लासेस द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह मंगलवार को कोच रोड स्थित मधुवन विला में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, शहर कोतवाल अरुण कुमार राय, यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह व महिला थाना प्रभारी उमा सैनी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। संस्थान के निदेशक वी.एस. भदौरिया ने बताया कि जनवरी 2018 को स्थापित भदौरिया क्लासेस ने अल्प समय में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 157 विद्यार्थियों ने यूपी पुलिस की लिखित परीक्षा पास की, जिनमें से 54 का चयन मेडिकल के उपरांत ट्रेनिंग के लिए हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था का सपना है कि हर घर से एक बच्चा सरकारी सेवा में पहुंचे और संस्था इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्य अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं फूलों के गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों ने मंच से लगातार मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता स्वर्णकार एवं शिवम सिंह ने किया। इस अवसर पर विकास भदौरिया, आशाराम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अलीम सर, आकाश आदित्य सर, धर्मेंद्र सर, राहुल सर, छोटू भैया, मोहित, रोहित, दिव्यांशु, आदित्य त्रिपाठी, लक्ष्मण दास बाबानी, संदीप सर समेत भदौरिया क्लासेस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में सम्मानित किए गए उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी।

# लाइसेंसी माउजर से युवक को लगी गोली, गंभीर

**कदौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डोरा में मंगलवार की सुबह लाइसेंसी माउजर से गोली लगने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डोरा निवासी दुर्गेश द्विवेदी 30 वर्ष पुत्र कृपाशंकर मंगलवार की सुबह अपनी लाइसेंसी माउजर की सफाई कर उसे पास की तख्त पर रखकर लेटा था। इसी बीच उनका चार वर्षीय बेटा एकलव्य खेलते-खेलते माउजर के पास पहुंचा और अनजाने में हथियार का लॉक खोलकर ट्रिगर दबा दिया। अचानक चली गोली दुर्गेश के पेट में जा धंसी, जिससे वह लहूलुहान हो गया मौजूद लोगों की मदद से परिजनों ने तत्काल उसे गम्भीर हालत में उठाकर सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से उन्हें कानपुर रीजेंसी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ट्रक में पीछे से घुसा बकरियों से लदा ट्रक, चालक की मौत

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास बकरियों से लदा ट्रक आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गया। जिसमें चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक का उपचार चल रहा है।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी में बड़ी माता मंदिर निवासी अजय अहिरवार 25 वर्ष ट्रक चलाता था। बताया गया है कि वह अपने साथी हेल्पर मोनू 26 वर्ष के साथ मंगलवार की सुबह ट्रक में बकरियां लादकर कानपुर देहात के चौरा जा रहा था। जैसे ही ट्रक शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास पहुंचा कि चालक अजय अपना संतुलन खो बैठा और ट्रक आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें फंसकर चालक व हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गम्भीर हालत में उठाकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने चालक अजय को मृत घोषित कर दिया, जबकि परिचालक का उपचार चल रहा है।

**कार की टक्कर से बाइक सवार की मौतः जालौन।** सड़क किनारे बाइक खड़ी कर उसे चेक कर रहे व्यक्ति को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

ग्राम कुठोंदा बुजुर्ग निवासी महेश कुमार सोमवार को गोहन जा रहे थे। अचानक बाइक खराब होने पर सहाव गांव के पास चेक करने लगे। इसी दौरान गोहन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर हालत को देखते हुए पहले उन्हें उरई फिर झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी में इलाज के दौरान रात में उनकी मृत्यु हो गई। उनके बेटे ने पुलिस को तहरीर दी है।

**समस्या** सोमवार की रात को प्रशासनिक टीम की मौजूदगी की भनक पाकर ट्रक चालक हुए सतर्क

# कालपी में सड़क पर बालू फेंक कर भागे ट्रक, लगा भीषण जाम

संवाददाता, कालपी जालौन

अमृत विचार। सोमवार की रात को प्रशासनिक टीम की मौजूदगी की भनक पाकर डेढ दर्जन से अधिक ट्रक वालू सड़क पर फेंककर भाग निकले, जिससे जोल्हूपुर हमीरपुर रोड जाम हो गया, जो मंगलवार दोपहर तक जारी रहा। इस जाम को खत्म कराने मे कोतवाली पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी है।


जोल्हूपुर हमीरपुर रोड पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

क्षेत्र में खनिज का अवैध परिवहन कोई नया काम नहीं है बल्कि यह तो अर्से से जारी है, जिसकी पुष्टि प्रशासन की कार्यवाही के जरिए होती रहती है लेकिन अब यह वाहन दुर्घटना के कारक भी बन गये है। एक भी दिन ऐसा नही जाता कि इस रोड पर दुर्घटना न होती हो। इसी के चलते क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को एस डी एम को ज्ञापन सौंपा था और ओवरलोड तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनो पर कार्रवाई की मांग की थी। इसी के चलते सोमवार रात एसडीएम ने टीम के साथ जोल्हूपुर में दस्तक दी थी लेकिन कार्यवाही हो पाती कि इससे पहले जोल्हूपुर हमीरपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के दोनो पार लगभग 21 ट्रक बालू पलटकर भाग निकले थे। इससे सड़क पर वालू गिरने से आवागमन बाधित हो गया था। रोड जाम होने की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सी ओ अवधेश कुमार सिंह ने जाम खुलवाने की कोशिश की थी लेकिन रात भर चली कवायद के बाद भी आवागमन सामान्य नहीं हो सका था और मंगलवार को भी कदौरा की तरफ जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। कोतवाली प्रभारी मुहम्मद अशरफ के मुताबिक बालू की वजह से वाहन नहीं निकल पा रहे थे। उसको मशीनों के जरिये हटाया जा रहा है। शीघ्र ही यातायात सामान्य हो जाएगा।

### कार्रवाई से बचने के लिए बालू फेंक देते हैं ट्रक चालक

वालू के अवैध परिवहन मे लगे ट्रको का कार्यवाही से बचने के लिए वालू खाली करने का फण्डा नया नहीं है वह मौका मिलते ही वालू खाली कर खड़े हो जाते हैं और इसी फण्डे के तहत सोमवार रात जैसे ही एसडीएम की टीम ने ट्रक पकड़ने की कोशिश की तो लगातार 21 ट्रकों ने वालू खाली कर दी थी।

### सड़क पर पड़ी बालू उठाने में भी होता है खेल

ऐसा नही है कि कार्यवाही से बचने के लिए फेंकी गयी वालू सड़क पर ही पड़ी रहती हो बल्कि महज कुछ घण्टों मे ही साफ हो जाती है। सूत्रों की माने तो इस वालू को ठिकाने लगाने के लिए जोल्हूपुर मोड़ पर पूरी व्यवस्था है जो उसको ठिकाने लगा देते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिद्धदात्री मन्दिर में भंडारा, उमड़े लोग

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** धार्मिक आस्था की नगरी कालपी धाम में ज्येष्ठ माह के पंचम मंगलवार को नगर के रेलवे स्टेशन चौराहे हनुमान मन्दिर में तथा सिद्धदात्री मन्दिर में भण्डारे का आयोजन हुआ। यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। इस दौरान सिद्धदात्री मन्दिर में पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

सनातन धर्म में ज्योतिषज्ञों के अनुसार ज्येष्ठ माह के मंगलवार, जिन्हें 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' भी कहा जाता है इस मंगलवार का धार्मिक आस्था में विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन हनुमान जी और भगवान राम की पूजा करने से विशेष लाभ होता है, जीवन में सुख-शांति आती है और दान-पुण्य करने से बहुत पुण्य मिलता है।


भंडारे में प्रसाद बांटते आयोजक। अमृत विचार

इसलिए इस माह के सभी मंगलवार को 'बड़ा मंगल' कहा जाता है। वहीं नगर के सिद्धदात्री मन्दिर में बाबा नीब करौली के भक्तों ने पूड़ी सब्जी, शर्बत आदि का भण्डारा कराया। इस दौरान भाजपा पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन, नगर पालिका के अध्यक्ष अरविन्द यादव, सन्दीप गुप्ता, कुलदीप शुक्ला, रामजी गुप्ता, शरद शुक्ला, सुबोध द्विवेदी, मन्टू विश्नोई, विदित शुक्ला, छोटू सोनी, अरविन्द सोनी, पंकज पाण्डेय, सीताराम, आशीष चतुर्वेदी, दीनू राजावत, सूरवीर दिलीप पुरवार, दिग्विजय सिंह, आशु ठाकुर, उमाकांत तिवारी, दीपक प्रनामी, मनीष, छोटू विश्नोई, रवि राठौर, सिंह आदि मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवकों समेत तीन की मौत

## कानपुर देहात और कानपुर नगर के रहने वाले हैं बाइक सवार दोनों युवक, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव कुरसेना के पास सोमवार की रात को अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। युवकों की मौत से परिवार में कोहराममच गया।

जानकारी के अनुसार कानपुर देहात जिले के थाना शिवली के गांव अन्ने निवासी सतेंद्र सक्सेना 29 वर्ष पुत्र लालमन अपने साथी श्यामू उर्फ श्याम सविता 40 वर्ष पुत्र खुशीलाल निवासी ग्राम झखरा थाना संचेडी कानपुर नगर बाइक द्वारा कानपुर देहात से मथुरा वृंदावन दर्शन करने जा रहे थे, जब वह रात करीब दस बजे जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव कुरसैना के पास पहुंचे तभी पीछे से किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शवों की पहचान की। मृतक सतेंद्र तीन बहनों का इकलौता भाई था। वह एक निजी कंपनी में काम करता था। उसके तीन साल की एक बेटी है। मौत की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर मुख्यालय पर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद पुलिस व मृतक के परिजन ।

- बाइक से मथुरा दर्शन करने जा रहे थे तभी रात के समय हुआ हादसा

### डंपर ने बाइक में मारी टक्कर युवती की मौत

**बकेवर ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरथना रोड पर सती मंदिर के पास अपने भाई के साथ बाइक से जा रही युवती की बाइक में तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी । इस हादसे में युवती की मौत हा गई । जबकि उसका भाई बाल बाल बच गया । हादसे के बाद डंपर चालक डंपर को छोडकर भाग जाने में सफल रहा । सूचना पर पहुंची पलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम क लिए भेज दिया । थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीरामपुर के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र हवलदार ने बताया उसकी21 बर्षीय बहिन मनीषा सोमवार की शाम घर से अपने भाई सोनू के साथ ग्राम बहेड़ा स्थित पार्क घूमने गये थे ।जब भाई बहिन पार्क से लौटकर वापस गांव लौट रहे थे जैसे ही उनकी बाइक थाना क्षेत्र के भरथना बकेवर मार्ग स्थित सती मंदिर के सामने पहुँची कि तभी भरथना की ओर से आ रहे तेज गति से डम्पर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवती मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई जब भाई सोनू के एक खरोच तक नही आयी ।घटना की जानकारी भाई ने पुलिस व परिजनो को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक युवती का शव कब्जे में लेकर इटावा भिजवा दिया और टक्कर मारने वाला डम्पर चालक भाग जाने में सफल रहा और डम्पर को लाकर पुलिस ने थाना परिसर में खड़ा करा दिया ।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**सैफई ।** क्षेत्र के ग्राम कुम्हावर में मंगलवार सुबह रास्ते को लेकर चल रहा विवाद उस समय हिंसक हो गया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे और पत्थर चले।

कुम्हावर निवासी निर्मला देवी 50 ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि विवादित रास्ते पर मनोज कुमार गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर वह अपने भाई काशीराम, रामसाय, चंद्रशेखर, बहन सुरभि पत्नी सुनील और तीन-चार अज्ञात लोगों के साथ पहुंचा और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आई पुत्री सुमित्रा को भी पीटा गया। दोनों को चोटें आई हैं। मनोज ने भी आरोप लगाया कि वह अपने प्लॉट के पास खड़ा था, तभी राजवीर, राहुल कुमार, गुलशन, बंटी, आकाश, निर्मला और सुमित्रा ने मिलकर मारपीट की। बचाव करने आई उसकी पत्नी नीमा देवी और बहन सुरभि को भी लाठी-डंडों और पत्थरों से पीटा गया। मनोज के सिर में चोट आई है।

# ट्रांसफार्मरों को पानी डाल कर किया जा रहा ठंडा


पानी डालकर ट्रांसफार्मर को ठंडा करते बिजली कर्मी ।

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** तापमान बढ़ने का असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ा। लखना बिजलीघर में लगे ट्रांसफार्मर के गर्म होने के कारण उन्हें समर से पानी चलाकर ठंडा कर के आपूर्ति की जा रही है।

बढ़ते तापमान के कारण लखना बिजली उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कई बार बाधित रही। भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण लखना बिजली घर में लगे बिजली आपूर्ति वाले पांच ट्रांसफार्मर हीट हो गए। जिसके कारण अधिकारियों कर्मचारियों को बिजली आपूर्ति बंद कर अर्थिंग में पानी डालकर ट्रांसफार्मरों को ठंडा करना पड़ा। ट्रांसफार्मर ठंडे होने के बाद ही आपूर्ति चालू हो सकी। जे ई नरेंद्र देव ने लाइनमैनों के साथ ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने को उसमे समर से पानी की तेज धार को करीब आधा घण्टा से अधिक समय तक पानी डलवाया। उन्होंने बताया कि तापमान में वृद्धि के कारण ट्रांसफार्मर हीट हो रहे जिसके कारण उन्हें ठंडा रखने में दिक्कत आ रही।

# लिफ्ट लेकर बाइक पर बैठे युवक ने एक लाख पार किये

संवाददाता भरथना इटावा

- मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों की तलाश शुरू की

**अमृत विचार।** पल्सर सवार बदमाशों ने बाइक से जा रहे एक किसान को रोकर उससे लिफ्ट लेकर बाइक पर बैठ गया। युवक ने रास्ते में किसान की जेब से एक लाख रुपये पार कर दिए। बाद में वह बाइक से उतर कर पीछे आ रहे साथी की पल्सर पर बैठक फरार हो गया।

क्षेत्र के गांव सुजीपुरा निवासी किसान सुभाष चन्द 54 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह अपनी बाइक से मंडी जा रहे थे । जब वह राधे राधे स्वीट्स के पास पहुंचे तभी काली पल्सर के साथ खड़े युवक ने रोक लिया और मंडी तक अपनी बाइक पर बैठाने का निवेदन किया। एक युवक उनकी बाइक पर बैठ गया। रास्ते में उसने किसान की जेब काट दी और उसमें रखे एक लाख रुपये निकाल लिए और बाइक रोकने के लिए कहा। इसी बीच उन्हें रुपया निकालने का अहसास हुआ। उन्होंने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो युवक पीछे से आ रही पल्सर पर अपने साथी के साथ बैठकर फरार हो गया। जेब कटी का शिकार सुभाष चन्द ने बताया कि वह अपने घर से एक लाख रुपये लेकर बाइक से कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसी को देने जा रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# सूने मकान के ताले तोड़कर उड़ाया माल

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के लखना कस्बा स्थित बेरी खेड़ा रोड की शिवा कालोनी में सोमवार की रात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरो ने घर में रखी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और नकदी सहित सीसीटीवी का डीबीआर चोरी कर फरार हो गए। घर का मालिक मंगलवार की सुबह अपने परिवार के साथ घर पहुंचा तो दरवाजा खुला मिला । उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, दो चोर घर में लगे सीसीटीवी में कैमरे में कैद हुए हैं।

कस्बे के बेरी खेड़ा रोड स्थित शिवा कालोनी निवासी सत्येन्द्र कुमार अपनी पत्नी रेनू और बच्चों के साथ 5 जून को हरिद्वार गए हुए थे। घर के मुख्य दरवाजे सहित अंदर कमरों में ताले पड़े हुए थे । रात के समय चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला काटकर घर के अंदर प्रवेश कर गए इसके बाद चोरों ने दो कमरों सहित तीन स्थानों के ताले काटकर उस कमरे में गए जहां गृहस्वामी का जरूरी सामान रखा हुआ था। यहां चोरों ने अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर पांच लाख रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवर व 1 लाख पचास हजार रुपये की नकदी के अलावा सीसीटीवी का डीबीआर चोरी कर ले गए। मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे गृहस्वामी परिवार सहित हरिद्वार से वापस घर लौटा तो घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा हुआ था जिसे देखकर गृहस्वामी परिवार सहित हतप्रभ रह गया। चोरी की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी, लखना चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोर कैद हुए हैं जिनकी पुलिस खोजबीन में लगी हुई है।


टूटी पड़ी अलमारी में बिखरा पड़ा सामान । अमृत विचार

- चोर मकान में लगे सीसीटीवी की डीबीआर भी ले गए, दो चोर कैमरे में हुए कैद
- साढ़े छह लाख का माल ले गये चोर, परिवार समेत हरिद्वार गये थे पीड़ित

## सार-संक्षेप


थाने का निरीक्षण करते एसएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव ।

### एसएसपी ने किया थाना बकेवर का औचक निरीक्षण

**इटावा ।** एसएसपी ने जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर चकरनगर सर्किल के थाना बकेवर का औचक निरीक्षण किया । एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपदीय कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने हेतु थाना बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुये आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया । एसएसपी ने थाना बकेवर का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, मन्दिर परिसर की व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित प्रभारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ–सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया ।

### आर्म्स एक्ट के दोषी को जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा ।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तेहर साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया । दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई व एक हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया । बकेवर थाना क्षेत्र के गांव रतन पुरा निवासी गंभीर सिंह पुत्र विजय सिंह को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे । मामले की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया ।

### महिला की मौत के मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**भरथना ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वैसौली भानपुर में सोमवार को महिला की मौत के मामले में गांव के तीन लोगों के खिलाफ ममाला दर्ज किया गया है । पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है । उक्त गांव निवासी शांति देवी 55 वर्ष पत्नी बिहारी लाल दिवाकर गांव से आधा किलो मीटर दूर सेंगर नदी के निकट अचेतावस्था में मिली थी उसके शरीर पर चोटों के निशान थे । बाद में उसकी मौत हो गई थी । उसने गाव के लोगों पर मारपीट करने का अरोप लगाया था । तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही राजू उर्फ राघवेंद्र यादव पुत्र मुंशीलाल और भूपेंद्र सिंह पुत्र कृपाशंकर यादव के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है ।

### एसपी सिटी मैनपुरी की कार हादसे का शिकार, हादसा टला

**बसरेहर ।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 109 पर नीमासई गांव के पास मंगलवार की सुबह लखनऊ की ओर से आ रही मैनपुरी पुलिस की बोलेरो हादसे का शिकार हो गई । लेकिन बोलेरो में सवार किसी को भी चोट नहीं आई । बाद में बोलेरो गंतव्य की ओर चली गई । बताया गया है कि एसपी सिटी मैनपुरी अरुण कुमार दो गनर अरविंद कुमार व सौरभ कुमार के साथ कहीं गए थे । बोलेरो को चालक गजेंद्र सिंह चला रहा था, जैसे ही उनकी बोलेरो आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 109 नंबर चैनल पर पहुंची अचानक चालक को नींद आने के कारण बोलेरो अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकरा गई और उसके दो पहिए नाली में फंस गये । सूचना मिलने पर सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने दूसरी गाड़ी की व्यवस्था कर एसपी सिटी को मैनपुरी के लिए रवाना किया । बाद में उन्होंने गाड़ी को बाहर निकलवाया । बोलेरो चालू हालत में थी बाद में चालक उसे लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो गया । सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया एसपी सिटी दूसरी गाड़ी से मैनपुरी चले गये थे थोड़ी ही देर बाद क्रेन की सहायता से गाड़ी को निकाला गया जिसे चालक लेकर चला गया ।

# तीन दुकानों में लगी आग, सामान राख

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** लखना कस्बा में सड़क किनारे टट्टर वाली सब्जी आढ़त की तीन दुकानों में अचानक सोमवार की रात को आग लग गई। आग लगने से सब्जी के अलावा अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचीदमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया । बताया गया है कि आढ़त के पीछे पड़े कूड़े में एक व्यक्ति ने आग जलाया था। आग उसी की चिंगारी से लगी। पीड़ित ने एक व्यक्ति के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया है।

सोमवार की रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे लखना तिराहा के पास एक सब्जी आढ़त समेत तीन दुकानों में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से करीब 3 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है। लखना निवासी वीरू आढतिया ने बताया कि सब्जी का थोक का कारोबार करते हैं। पक्की दुकान न होने के कारण बांस के टट्टर लगा कर सब्जी की बिक्री करते है। आरोप है पड़ोस के दुकान दार ने बताया कि पास में पड़े कूड़े में एक व्यक्ति ने आग लगाई थी जिसकी चिंगारी से दुकानों में आग लग गई। आग लगने से 31 पैकेट आलू ,चार पैकेट लहसुन दस पैकेट प्याज, चार पैकेट अदरक, पांच गत्ता नीबू, पन्द्रह क्रेट टमाटर, पांच पन्नी गोभी , दो पैकेट गाजर दस क्रेट खीरा व दो पैकेट चुकन्दर पांच पन्नी सिमला व सौ क्रेट खाली जल गए। इसके अलावा लज्जाराम ने बताया आग में खिलौनी की दुकान का चालीस हजार रुपये समान जलकर नुकसान हुआ हैं। इसी तरह रविंद्र यादव की जूता चप्पल के दुकान का समान जलकर करीब दस हजार रुपये का नुकसान हो गया है तीनों दुकानों से करीब 3 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।


आग लगने से जलती सब्जी की दुकान । अमृत विचार

- सामान जलकर हुआ राख दमकल विभाग की टीम ने मौके पर जाकर आग पर पाया काबू

# प्रशासन ने 128.31 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त करायी

**इटावा ।** जनपद की सभी 6 तहसीलों के अन्तर्गत 10 थानों में कुल 15 ग्रामों में संयुक्त टीमें विवादों के समाधान हेतु गयी और उन्होंने कुल 108 मामले चिन्हित कर विवाद से सम्बन्धित पक्षों से बातचीत, जांच व पैमाइश करके शत प्रतिशत चिन्हित मामलों का समाधान कराया ।

इस अभियान में आज 11.38 हेक्टेयर रकवा अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया और 34 रास्ते, 17 नाली, 4 तालाब, 15 खाद के गडढे, 22 नवीन परती/ बंजर भूमि, 01 निजी भूमि और एक मरघट भूमि आदि से अवैध कब्जों से खाली / समाधान कराया गया। जिसमें राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में विभिन्न धाराओं के 14 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। अभियान के प्रारम्भ से अब तक क्रमिक रूप से जनपद में 163 ग्रामों में कुल 946 भूमि विवादों के अन्तर्गत 128.31 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त करायी गयी।

# अनिरुद्ध अध्यक्ष और प्रद्युम्न बने सचिव


मेधावी को सम्मानित करते इंद्र नारायण पांडे । अमृत विचार

संवाददाता बकेवर इटावा

- भारत विकास परिषद देवेन्द्र मणि शाखा बकेवर का दायित्व ग्रहण समारोह संपंन

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद देवेन्द्र मणि शाखा बकेवर का दायित्व ग्रहण कार्यक्रम एक हाउस में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में नव निर्वाचित दायित्व धारियों को शपथ अधिकारी आर एन दुबे, प्रांतीय संगठन सचिव द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई । अनिरुद्ध कुमार चतुर्वेदी को शाखा अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे को सचिव और राम सेवक वर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

प्रकल्प प्रभारियों में अंशू तिवारी, समीर त्रिपाठी को सेवा,गिरजा शंकर त्रिपाठी, फोरन सिंह शाक्य को संस्कार, सुधीर कुमार शुक्ला अरूण उपाध्याय को पर्यावरण का दायित्व सौंपा गया, शाखा के नए सदस्यों में नितिन उपाध्याय , निखिल ऋषिश्वर ब प्रदीप शर्मा को सदस्यता की शपथ दिलाई गई। ,कार्यक्रम में विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, डॉ एकांश चतुर्वेदी, व डॉ नूरेन अहमद को एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने पर तथा अर्पित तिवारी को इंटर कालेज में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि इंद्र नारायण पाण्डेय,एवम आर एन दुबे द्वारा सम्मानित किया गया।

बैठक | कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकर्स समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# सीडी रेशियो बढ़ाने पर जोर दिया जाए : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** बैंकर्स समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर सीडी रेशियो 59.64 प्रतिशत जनपद स्तर पर 49.75 प्रतिशत बहुत ही कम है।

उन्होंने बताया कि जनपद इटावा का सीडी रेशियो राज्य स्तर पर 46वीं रैंक पर है। उन्होंने कहा कि सीडी रेशियो बढ़ाने पर ज़ोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सीडी रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए सरकारी योजना में क्रेडिट फैसिलिटी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। उन्होंने 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली बैंकों को स्ट्रेटजी बनाकर काम करने एवं सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल्चरल सेक्टर एवं एमएसएमई सेक्टर में क्रेडिट फैसिलिटी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रामीण बैंक को ब्रांच बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया जसवन्तनगर को कार्य में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के अंतर्गत 79 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बैंकवाइज़ अलग से मीटिंग कराई जाए और साथ ही खराब और अच्छे परफॉर्मर के बारे में बताया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम सहित सभी बैंकर्स आदि रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ।

### उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता

**इटावा ।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई । बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की । उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है । उन्होंने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग के एमओयू में कोई प्रगति नहीं है । उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते है उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी । उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं । उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने पर बिजली का बिल कम आएगा एवं सब्सिडी भी मिलेगी । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सीओ सिटी अभय नारायण राय, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एलडीएम, विद्युत विभाग, समस्त उद्यमियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे ।

# 44 डिग्री पर टिका पारा, झुलसाने लगी गर्मी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** पिछले चार दिनों से पड़ रही गर्मी से लोग परेशान है। हालांकि यह माना जाता है कि नौतपा में अधिक गर्मी पड़ती है लेकिन इस बार नौतपा में ज्यादा गर्मी नहीं पड़ी। अब नौतपा के बाद झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 44 डिग्री पर टिका रहा। इसके कारण लोग परेशान रहे।

इन दिनों स्कूलों की छुट्टी चल रही है इसलिए फिलहाल बच्चे इस भीषण गर्मी से बचे हुए हैं। पिछले दिनों की तरह मंगलवार को भी सुबह से ही धूप निकल आई और तापमान बढ़ने की शुरुआत हो गई। सोमवार की तरह मंगलवार को भी दोपहर को 2 बजे तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया। कुछ देर 44 डिग्री पर टिके रहने के बाद उसमें कमी आना शुरू हुआ । यही कारण रहा कि दिन में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा और बाजारों में भी लोग नहीं गए। कार्यालय और घरों में रहकर ही गर्मी से बचने के जतन करते रहे। गर्मी के कारण कचहरी और विकास भवन पहुंचने वाले फरियादियों की संख्या में भी कमी आई है। इस समय जजी सुबह खुल जाती है इसलिए लोग भी जल्दी पहुंच जाते हैं और 12 बजे तक कचहरी से अपने घर वापस चले जाते हैं । शाम को सूर्यास्त के बाद ही गर्मी में कुछ कमी आई हालांकि हवा में गर्मी बरकरार रही लेकिन धूप चली गई। इससे कुछ राहत जरूर मिली और तभी लोगों ने बाहर निकलना शुरू किया। पूरे दिन शहर की व्यस्त सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहता है।


गर्मी के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा । अमृत विचार

- दोपहर के समय सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

# जल निगम ठेकेदार पर होगी एफआईआर

## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में गैरहाजिर रहे जल निगम के एक्सईएन की मांगी आख्या

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के अजीतमल दौरे के दौरान गैरहाजिर रहने और परियोजनाओं में खामियां पाए जाने पर जल निगम के अधिशासी अभियंता की जांच आख्या मांगी है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए हैं कि जल निगम के कार्यों की जांच कर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त न कराने पर ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं और अधिशासी अभियंता के विरुद्ध आख्या उपलब्ध कराएं, ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जा सके।

कलेक्ट्रेट में जूम मीटिंग के जरिए कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ.इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि वह अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें कि हीटवेव व अन्य कारण से पीड़ितों का चिकित्सालयों में आने पर पंजीकरण करते हुए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराएं और प्रतिदिन समीक्षा कर आख्या भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से ग्राम स्वराज के तहत न्याय पंचायत स्तर पर तैनात नोडल अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की डिजिटल डायरी के अनुरूप समीक्षा कर एक सप्ताह में आख्या उपलब्ध कराएं जिससे ग्राम पंचायत वार लंबित योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके।



जूम मीटिंग के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- जल निगम के कार्यों की गुणवत्ता की होगी जांच
- सड़कें क्षतिग्रस्त होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि गर्मी की अधिकता को देखते हुए जनपद में स्थित अमृत सरोवरों का खंड विकास अधिकारी निरीक्षण कर दो दिन में निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं, जिससे उनमें पानी भरे जाने सहित अन्य अवशेष कार्यों पर भी कार्य कराया जा सके। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित किए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि वह लक्ष्य के सापेक्ष सोलर पैनल व कनेक्शन के संबंध में समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करें, जिससे योजना धरातल पर दृष्टिगत हो।

उन्होंने अधिशासी अभियंता (आरईएस), जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनता इंटर कॉलेज अजीतमल के जीर्णोद्धार के लिए स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र आगणन तैयार कर उपलब्ध कराएं, ताकि स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित किया जा सके। डीएम ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि जनपद स्तर तथा विकासखंड स्तर पर संदर्भों के निस्तारण का संतुष्टि प्रतिशत कम है, इसमें सभी संबंधित निस्तारण की गुणवत्ता का प्रतिशत बढ़ायें।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि खंड विकास अधिकारियों के निस्तारण संबंधी मामलों की समीक्षा कर खराब निस्तारण वाले खंड विकास अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने अजीतमल नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि जनता इंटर कॉलेज के समीप स्थित नाले को पक्का कराने के लिए आगणन तैयार कराएं, जिससे उस पर कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में मौत

**दिबियापुर।** कस्बे के संजय नगर में अंसार की 26 वर्षीय पत्नी रिंकी की मंगलवार दोपहर तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। डॉक्टर की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मायके वालों को भी सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कन्याओं का हुआ पूजन

**फफूंद।** भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत धर्मपुर में समाजसेवी रामकृपाल दीक्षित ने हिन्दू एकता का संदेश घर-घर पहुंचाने के लिए सर्व समाज की कन्याओं का चरण वंदन और पूजन-अर्चन कर सभ्य समाज का सपना पूरा करना चाहते है। मिशन के संयोजक रामकृपाल दीक्षित अपने सहयोगी बबलू गौतम, राजकुमारी गौतम, रेखा कठेरिया, कुंवर सिंह बाथम, सतेंद्र अवस्थी, सुनीता दोहरे के साथ मिशन चला रहे हैं। 9 जून तक चार हजार कन्यायों का पूजन गमनामऊ, गोपालपुर, जगजीवनपुर, काजीपुर, तुलसीपुर, देवरपुर, रोशनपुर तथा धरमपुर में कार्यक्रम कर चुके हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त आटो। अमृत विचार





घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

# ऑटो-बाइक में सीधी भिड़ंत, चार घायल

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र में तिर्वा रोड पर भदौरा मोड़ के पास ऑटो और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें ऑटो चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा भिजवाया।

कन्नौज जिले के तिर्वा निवासी ऑटो चालक पंकज नागर बेला से सवारियां लेकर तिर्वा की ओर जा रहा था। उसका ऑटो तिर्वा रोड़ पर भदौरा मोड़ के समीप पहुंचा था कि तभी बेला से बाइक में पैट्रोल भराकर आ रहे बाइक चालक ने भदौरा की ओर अचानक बाइक मोड़ दी। जिससे बाइक व ऑटो में जोरदार भिड़ंत हो गयी। जिसके बाद ऑटो पलट गया और उसमें बैठी सवारियां दब गयीं। जिससे ऑटो चालक पंकज नागर, रोहित निवासी तिर्वा कन्नौज व दीपक निवासी कन्नौज एवं बाइक चालक विशाल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी सिरयावा थाना बेला गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके अलावा दिपांशु व आशा को भी हल्की चोटें आयीं हैं।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ने पंकज नागर, रोहित व दीपक को एम्बुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जबकि बाइक चालक विशाल को इलाज के लिए उसके परिजन अपने साथ ले गए। ऑटो चालक के सिर में गंभीर चोटें होने के कारण उसकी हालत नाजुक है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि ऑटो व बाइक की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर में पीछे से भिड़ा टेंपो, दो घायल, चालक भागा

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के तेजपुर अड्डा के पास बिधूना से आ रहे टेंपो चालक ने टैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। मंगलवार को दो सवारी टेंपू से बिधूना से अछल्दा आ रहे थे। तभी तेजपुर अड्डा के पास टेंपू चालक ने टैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। उसकी दो सवारी रामप्रसाद शाक्य (65) और रामलाल (55) गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर गौरव कुमार ने प्रथम उपचार करते हुए सैफई रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुँचे घटना स्थल पर कस्वा प्रभारी बृजेश कुमार ने क्षतिग्रस्त टेंपो को थाने लाया गया और टेंपो चालक मौके से फरार हो गया।

# महिला की मौत पर हत्या करने का लगाया आरोप

संवाददाता, बिधूना

- पति अहमदाबाद में करता था प्राइवेट नौकरी
- घर में बच्चों के साथ अकेली रहती थी महिला

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरांव में पांच जून की रात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर महिला की हत्या कर शव फंदे पर लटकाये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

देवरांव निवासी रामकेशी के दो पुत्र हैं। केशव अपनी पत्नी रूबी देवी के साथ नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। जबकि चन्द्र किशोर अहमदाबाद में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। चंद्र किशोर की पत्नी डिंपल (32 वर्ष) अपने बच्चों राम व श्याम एवं भतीजी नीलम व भतीजे नितिन के साथ गांव में अपनी 80 वर्षीय सास रामकेशी के साथ रहती थी।

गुरुवार की रात बच्चों ने मां डिंपल को कमरे में फांसी पर लटका देखा तो अपनी दादी को जगाकर बताया। जिसके बाद उन्होंने कमरे के अंदर जाकर डिंपल को फंदे से नीचे उतारा। साथ ही वहां देखा तो कमरे की एक तरफ दीवार टूटी थी। सीओ पी. पुनीत मिश्रा व कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अब मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका की सास, पति, जेठानी व बच्चों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर महिला को कुछ खिलाकर हत्या कर शव को फंदे पर लटाकने का आरोप लगाया है। आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि आरोपी शव को फंदे पर टांगने के बाद कमरे की कुंडी बंद कर दीवार को तोड़ वहीं से भाग गया। बच्चों का कहना है कि वह कई सालों से उनकी मां के साथ अनैतिक संबंध रखता था। वह बच्चों को धमकाकर घर से भगा देता था। सीओ ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### बड़ी माता मंदिर में 12 ज्योतिर्लिंग का हुआ रुद्राभिषेक

**अयाना।** करबा के बड़ी माता मंदिर पर चल रही शिव महापुराण के अंतिम दिन आचार्य सुशील कुमार शुक्ल ने मिट्टी की 12 ज्योतिर्लिंग व सवा लाख शिवलिंग का रुद्राभिषेक कराया। यह शिवलिंग श्रद्धालुओं ने कथा के दौरान बनाए थे। आचार्य ने श्रद्धालुओं को 12 ज्योतिर्लिंग के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उनकी पूजा का महत्व बताया। कथा व्यवस्थापक सत्यनारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान परीक्षित निशा मिश्रा, राजमोहन मिश्रा, मोनू सेंगर, शीलनिधि सेंगर, विनोद भदौरिया, तारा, विशाल सिंह सेंगर, सीपू सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर, राजकमल मिश्रा, जयवीर सिंह, राजेश भुर्जी मौजूद रहे।



अछल्दा क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

### क्रॉसिंग में जाम, 20 मिनट खड़ी रहीं दो वंदे भारत ट्रेन

**अछल्दा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शाम को 13-बी फाटक पर भीषण जाम लग गया। जाम लगने से दो वंदे भारत ट्रेन को आउटर पर रोक दिया गया। वंदे भारत आउटर पर खड़े होने स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। आरपीएफ को भेजकर फाटक को बन्द कराया गया, जिसके बाद दोनों ट्रेन को रवाना किया गया। क्रॉसिंग 13-बी पर शाम 7 बजे भीषण जाम लग गया। क्रॉसिंग पर जाम लगने से अयोध्या से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत 22435 और वनारस से नई दिल्ली जा रही 22425 को आउटर पर खड़ा किया गया। आरपीएफ ने वाहनों को हटाकर क्रॉसिंग बन्द कराई, इसके बाद ट्रेनों को रवाना किया गया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

### हिंदू साम्राज्य दिवस पर उत्सव कार्यक्रम

**अछल्दा।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस (हिंदू साम्राज्य दिवस) पर मंगलवार को उत्सव कार्यक्रम हुआ। रुरुकला मंडल के भाईपुर में हुए कार्यक्रम में सह जिला कार्यवाह श्यामू शुक्ला ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने राष्ट्र, संस्कृति, भाषा और जीवन मूल्यों के साथ परंपराओं के प्रति निष्ठा व समर्पण रखने का आवाहन किया। कार्यक्रम में खंड संपर्क प्रमुख स्वदेश पांडे, खंड सेवा प्रमुख जयसिंह यादव, मंडल प्रमुख सचिन गुप्ता, मुख्य शिक्षक ओमजी गुप्ता, अश्विनी यादव, रवि शर्मा, शिवा सेंगर, अनमोल शर्मा, प्रमोद सेंगर, वैभव सिंह गौर, मुन्ना पालीवाल, निखिल कौशल एवं स्वयंसेवक कार्यकता मौजूद रहे।

### किसानों को बेहतर खेती-किसानी के दिए गए टिप्स

**अटसू।** विकास खंड अजीतमल के ग्राम पंचायत बेरीकपरिया, सबलपुर एवं भदसान में पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामों से आये लगभग 200 किसानों द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में लाखन सिंह राजपूत द्वारा कृषि में विवधिकरण कर अपनी आय को बढ़ाने, जायद में मक्का की फसल करने, फसलों में हरी खाद का इस्तेमाल करने, दलहनी फसलों को बढ़ावा देने, श्री अन्न (मोटा अनाज) को उगाने, किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही किसानों को अपने पशुओं को वैक्सीन अवश्य लगवाने हेतु सलाह दी, जिससे पशु को खुरपका, मुंहपका, गला घोंटू आदि रोगो से निजात मिल सके। आवारा जानवरों की समस्या से छुटकारा प्राप्त करने हेतु गोवंश को गोद लेने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक एवं दलहन अनुशंधान संस्थान से आये वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को कृषि से सम्बन्धित नवीनतम तकनीकी जानकारी, दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

# बचने को भागे बच्चे की कार की टक्कर से मौत

संवाददाता, दिबियापुर

- सहायल थाना क्षेत्र के किलवापुर में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सहायल थाना क्षेत्र के किलवापुर गांव में कार की टक्कर से एक बच्चे की मौत हो गई। वह अरियारी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था, जहां कुछ लोग उसके परिवार की महिलाओं से मारपीट कर रहे थे। पिटाई से बचने के लिए वह भागा, जिससे कार की चपेट में आ गया।

पिता सुभाष के अनुसार किलवापुर गांव के कुछ लोग उनके परिवार से बिना कारण झगड़ा कर रहे थे। आरोपियों ने परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट भी की। इसी दौरान जान बचाने के लिए 5 वर्षीय बेटा दिव्यांशु भागा तो सहार की तरफ से आई कार की चपेट में आ गया। उसे तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फगुआ भट्टा थाना तिर्वा निवासी किसान सुभाष के चार बेटों में दिव्यांशु सबसे छोटा था। परिवार के लिए शादी का खुशी का मौका मातम में बदल गया। सहायल थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने हादसे में शामिल कार को अपने कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# बुढ़वा मंगल पर कई जगह भंडारे

**बिधूना।** जेठ माह के अंतिम मंगलवार को नगर एवं क्षेत्र में जगह-जगह भंडारों का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों से लेकर घरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ का भी आयोजन किया गया।

कस्बे के दुर्गा मंदिर के पास हनुमान मंदिर पर सवामनी भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। जबकि खरगपुर में डा. अमित प्रताप सिंह गौर के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिधूना-बेला मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेश प्रताप सिंह गौर, आनंद प्रताप सिंह गौर, सत्यम सिंह गौर, सूर्य प्रताप सिंह गौर आदि रहे।

# गौ रक्षा और उनका पालन सनातन धर्म

संवाददाता, कंचौसी/बिधूना

**अमृत विचार।** कंचौसी में गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सेंगर के आवास पर मंगलवार को गौ रक्षा दल की बैठक में कई पदाधिकारियों ने भाग लेकर गौ माता की रक्षा और उनके भली प्रकार से पालन पोषण हेतु अपने अपने विचार प्रकट किए। वहीं, गौ संरक्षण गौर संवर्धन का संकल्प लिया।

गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष रविन्द्र सेंगर ने कहा कि गौ माता की सेवा करना, उनका पालन पोषण करना तथा उनकी रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का धर्म और कर्तव्य है। देश में रहने वाले प्रत्येक हिन्दू को एक गाय अवश्य पालनी चाहिए। उन्होंने गाय के दूध आदि के बारे में कहा कि गाय का दूध हमारे बच्चों के लिए अमृत के समान है। गाय का गोबर पवित्र और कृषि के लिए बहुत ही उपयोगी माना जाता है। हिंदू धर्म में गाय गंगा के समान पवित्र और पूज्यनीय है।



बैठक में चर्चा करते गौ रक्षा दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

गाय के शरीर में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए हिंदू धर्म में गाय पूज्यनीय मानी जाती है। गोष्ठी में लोगो ने गाय के उत्तम संरक्षण हेतु अपने-अपने विचार रखे। इस गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण पाल, प्रदेश महासचिव अशोक दोहरे, जिला मीडिया प्रभारी राकेश दुबे, तहसील बिधूना प्रभारी, मनोज प्रजापति, मंडल प्रभारी सहार चेतन गौर, मंडल प्रभारी बिधूना सुनील गौतम, मंडल प्रभारी औरैया अरविन्द सिंह सेंगर आदि मौजूद रहे।

**दिखा उत्साह** — समापन समारोह में अभिभावकों और बच्चों से साझा किए गए समर कैंप के अनुभव

# समर कैंप के आखिरी दिन बच्चों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में मंगलवार को समर कैंप का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने कैंप के दौरान सीखे गए कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अभिभावकों और बच्चों से उनके अनुभव साझा किए गए।

समापन दिवस पर बीएसए संजीव कुमार के निर्देश पर बीईओ, एसआरजी, डीसी व एआरपी टीम विभिन्न विद्यालयों में पहुंच कर अभिभावकों व बच्चों के अनुभव जाने। खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने मिहौली, तुर्कीपुर, बिरिया, करमपुर व खंडेराव जैसे विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों व अभिभावकों से संवाद कर बच्चों के मजेदार अनुभव भी जाने और भविष्य में कैंप को और बेहतर रूप में आयोजित करने का आश्वासन दिया।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर में समर कैंप में ग्लोब के माध्यम से बच्चों को जानकारी देते एसआरजी सुनील दत। अमृत विचार

इस मौके पर एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने सदर ब्लॉक के यूपीएस खानपुर और सहार ब्लॉक के बहलोलपुर विद्यालय का भ्रमण किया। एसआरजी सुभाष दुबे द्वारा गोहना विद्यालय का, एआरपी अनुजा सेंगर द्वारा कंपोजिट विद्यालय भीखापुर और देवेंद्र राजपूत द्वारा पीएम श्री कंचौसी विद्यालय सहित अन्य एआरपी व डीसी सौरभ गुप्ता, रक्षा चौहान व कुलदीप सचान सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विद्यालयों में जाकर समर कैंप के समापन के अवसर पर गतिविधियों में सहभागिता की।

समापन समारोह की शुरुआत योग गतिविधियों से हुई इसके बाद बच्चों ने कैम्प में कराये गए रोचक गतिविधियों का सार व अनुभव सबसे सामने प्रस्तुत किये इस मौके पर अभिभावकों से भी कैम्प के सम्बंध में फीडबैक लिया गया। सामूहिक गोष्ठी में जहां बच्चों ने 21 दिनों की सीख को साझा किया और नए कौशलों को लेकर अपने उत्साह का इज़हार किया वहीं अभिभावकों ने भी समर कैंप की सराहना करते हुए इसे हर वर्ष आयोजित करने की मांग की और बच्चों में आए सकारात्मक बदलाव की प्रशंसा की। डीसी प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने बताया कि समर कैम्प की सम्पूर्ण गतिविधियों को 3 सप्ताह में बाँट कर अलग अलग दिन गतिविधियों को कराया गया।

कैंप संचालन हेतु प्रत्येक विद्यालय में दो शिक्षामित्र अथवा अनुदेशक की नियुक्ति की गई थी, जिनके सहयोग से विद्यालय प्रभारियों ने समर कैंप को सफल बनाया। इस मौके पर बीएसए संजीव कुमार ने कहा कि शिक्षामित्र अनुदेशकों के सहयोग से बच्चों का गर्मियों की छुट्टियों में भी शिक्षा से जुड़ाव बना रहे इसके लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया व समापन दिवस पर अभिभावकों के फीडबैक भी लिए गए।

# शराबी ने घर में आग लगाई, सामान राख

**रुरुगंज।** रुरुकलां में सोमवार की रात शराबी ने अपने ही घर मे आग लगा दी, जिससे कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की मदद से आग को काबू में किया गया।

गांव रुरुकलां निवासी शिवम शाक्य शराब पीकर परिजनों के साथ गाली गलौज कर क्लेश कर रहा था, तभी छोटा भाई सुंदरम घर से बाहर आ गया, तो शराब के नशे में धुत शिवम ने कमरे में आग लगा दी। कच्चे मकान से धुआं निकलता देख परिजन घबरा गए और घर के बाहर खड़े हो गए। आसपास लोगों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। इस बीच कमरे में रखा सामान ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल लिया गया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा 20 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मेरे कहने – सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ उठता बैठता है,अपने मन की ही करता है। जबकि दो बेटे सूरज पटेल, सोनू पटेल सही हैं। संजय गलत लोगों की संगत में रहकर हर प्रकार के नशे व कुसंगत में रहता है। अकारण हम सपरिवार उसके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। मेरी संपत्ति पर केवल सूरज पटेल व सोनू पटेल का ही हक माना जाए। संजय पटेल का कोई हक नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये लेनदेन व किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति हम व हमारे परिजन उत्तरदायी नहीं होंगे। **जीतलाल व देवकली पत्नी जीतलाल निवासी – पनाह नगर,रहवई, थाना – कुंडा,जिला – प्रतापगढ़।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियव्रत चतुर्वेदी सुत शैलेन्द्रनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपका पावर हाउस रावट्र्सगंज सोनभद्र उ0प्र0।** मेरा पुत्र का नाम अव्यान चतुर्वेदी है जोकि सत्य व सही है, तथा उसके आधार कार्ड में भी अंकित है, किन्तु पुत्र के स्कूल में अव्यान लिखा गया है अत: पुत्र के स्कूल में नाम संशोधित करते हुए अव्यान चतुर्वेदी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ध्रुव यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव का नाम परिवर्तित कर ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव कर दिया गया है। ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव नाम से ही भविष्य में कार्यवाही की जाये। Ganesh Chandra Yadav A3/302, Eldeco Elegance Vibhuti Khand, Gomti nagar Lucknow 226010

**सूचना**

अवगत कराना है कि पासपोर्ट पर मेरा नाम मो. उमर अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मो. उमर खान व पिता का नाम मो.सिद्दीक खान अंकित है जो सही है अत: अब मुझे मो. उमर खान के नाम से जाना जाए। **मो. उमर खान पुत्र मो.सिद्दीक खान नि. ग्राम.रस्तामऊ थाना मोहनगंज तिलोई अमेठी**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं AISHAN KHATOON W/O MUNEER निवासी H.NO-2 ग्राम पोस्ट चीर्रा बाराबंकी की रहने वाली हूं। अब मैं अपना नाम बदल के AYISA KHATOON रख लिया है। अब मैं भविष्य में अपने बदले हुए नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया जाम

## क्षेत्राधिकारी ने परिजनों को समझा बुझाकर चालू कराया आवागमन

संवाददाता, मऊ/बरगढ़ चित्रकूट

**अमृत विचार।** दुर्घटना में घायल युवक की मंगलवार को मौत हो गई। उसे तीन दिन पहले प्रयागराज में भर्ती कराया गया था। उधर, युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने डग्गामार वाहनों की बढ़ती आवाजाही और पुलिस व संबंधित विभागों पर इनकी अनदेखी का आरोप लगाते हुए झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम को जाम लगा दिया। सीओ यामीन अहमद ने परिजनों को समझाया और रिपोर्ट दर्ज कर वाहन का पता करा कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण व परिजन राजमार्ग से हटे। तब जाकर जाम खुला। लगभग आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

बरगढ़ थाना क्षेत्र के सुचेता कालोनी निवासी संतलाल कोल का पुत्र पिंटू (31) सात जून को उस समय सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जब वह गांव के ही दीपक की बारात जा रहा था। प्रयागराज की ओर से आए अज्ञात वाहन ने हाईवे किनारे खड़े पिंटू को गंभीर रूप से घायल कर दिया था और उसे सीएचसी से प्रयागराज रिफर किया गया था। मंगलवार दोपहर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना गांव पहुंची तो परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शाम को राजमार्ग पर जाम लगा दिया। शाम साढ़े चार बजे से लगे जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद के नेतृत्व में मऊ थाना और बरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्राधिकारी ने धैर्य से परिजनों की बातें सुनीं और समझाया। परिजनों ने एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस पर सीओ ने थाना प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ को मामले में एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। सीओ के व्यवहार की लोगों ने सराहना की। सीओ ने बताया कि दुर्घटना के चलते इलाज के दौरान युवक की मौत से क्षुब्ध परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर इकठ्ठा हो गए थे जिन्हें समझाया गया और विधिक कार्रवाई का भरोसा दिया गया। परिजन बातचीत से संतुष्ट हो गये और तत्काल ही राजमार्ग खाली कर दिया, जिससे यातायात पुनः चालू हो गया।


जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### परिजनों ने लगाए आरोप

मृतक पिंटू के परिजन मंगलवार शाम लगभग चार बजे शव को लेकर सुचेता कालोनी पहुंचे। उनका आरोप था कि सौ मीटर दूर खड़ी पीआरवी अगर चाहती तो टक्कर मारकर भागने वाले वाहन को पकड़ लेती पर पुलिसकर्मियों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। वहीं पुलिस का कहना था कि पहले इलाज जरूरी है। इसी पर इन लोगों ने जाम लगाया। चौकी प्रभारी हरदीकला राधेश्याम सिंह ने पहुंचकर जाम खुलवाने का प्रयास किया पर ग्रामीण नहीं माने। बाद में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ शिवआसरे, पांच उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे पर जाम नहीं खुला। बाद में सीओ ने परिजनों को समझाया तब जाकर आवागमन सामान्य हो पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 23 दिन के अंदर दूसरी बार चक्का जाम

**मऊ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 दिन के अंदर हाईवे पर यह दूसरा चक्का जाम था। 17 मई को राष्ट्रीय राजमार्ग पर मऊ थाना अंतर्गत अहिरी गांव के निवासी एक युवक की गुमशुदगी के मामले में परिजनों ने गांव के पास ही राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया था। परिजनों ने बताया था कि नौ मई को शिवसागर उर्फ मिथुन अहमदाबाद के लिए घर से निकला था। घर से निकलने के कुछ ही घंटे में युवक गायब हो गया था। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने क्षुब्ध होकर हाइवे जाम कर दिया था। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह के काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन राष्ट्रीय राजमार्ग पर से हटे थे। मऊ एसओ ने बताया कि मामले में परिजनों ने चक्का जाम करने की कोशिश की थी। युवक के लापता होने की एफआईआर दर्ज कर ली गई थी लेकिन काफी खोजबीन करने के बाद भी अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है।

### एसओ का मोबाइल रहा स्विच आफ

शासन के अधिकारियों के सीयूजी नंबर हमेशा आन रहने के निर्देशों के बाद भी कई ऐसे अधिकारी हैं, जिनको इससे मतलब नहीं। मंगलवार को घटना की जानकारी लेने के लिए बरगढ़ थाना प्रभारी शिवआसरे के मोबाइल पर कई बार रिंग की गई पर उनका मोबाइल स्विच आफ बताता रहा।

## महिमा विद्यार्थी होंगी रामनगर की बीडीओ

**रामनगर।** महिमा विद्यार्थी आकांक्षी ब्लाक रामनगर की नई खंड विकास अधिकारी होंगी। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। महिमा अभी तक कानपुर देहात में इसी पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने चार जून को जिले में कार्यभार ग्रहण किया है। सीडीओ ने बताया कि आयुक्त ग्राम्य विकास के निर्देशानुसार आकांक्षात्मक विकास खंडों में सीधी भर्ती से कार्यरत खंड विकास अधिकारियों की तैनाती को प्राथमिकता दी जानी है। रामनगर इसी श्रेणी में आता है। ऐसे में महिमा विद्यार्थी की तैनाती रामनगर में की गई है। यहां पदस्थ बीडीओ वसीम निजामी, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।


महिमा विद्यार्थी।

# झोलाछाप के इलाज से गई मासूम की जान, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** झोलाछाप के इलाज से एक बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की तबीयत खराब होने लगी और कुछ देर तड़पने के बाद उसने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

ग्राम पंचायत पियरिया के निवासी शिवभवन ने बताया कि उसके 10 वर्षीय नाती सचिन पुत्र कल्लू के गले मे फोड़ा हो गया था। उसका गांव के ही झोलाछाप दीपू पांडेय के यहां इलाज करा रहे थे। बीते दिन सचिन दर्द से कराह रहा था। इस पर वे लोग उसे उसके यहां ले गए थे। बताया कि इस दौरान दीपू ने सचिन के इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही सचिन तड़पने लगा और तड़प तड़प कर उसने दम तोड़ दिया।


बच्चे की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

● **इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत, तड़प कर हुई बच्चे की मौत**

मासूम की मौत से परिवार में कोराम मच गया। वह दो बहनों व दो भाइयों में तीसरे नंबर की संतान था। मां ममता, बहन सुधा व संध्या तथा भाई ज्ञानू का रो रोकर बुरा हाल हो गया। उधर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सचिन के बाबा शिवभवन की तहरीर पर झोलाछाप के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका के डॉक्टर करेंगे हृदयरोगियों का इलाज

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** जानकीकुंड चिकित्सालय में 16 से 19 जून तक हृदय रोग से संबंधित शिविर लगाया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से अमेरिका के डॉ. प्रकाश डी शाह अपनी सेवाएं देंगे। यह जानकारी जनरल वरिष्ठ सर्जन डॉ. पूनम अडवाणी और डॉ. दीपक शर्मा ने दी।

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम ने यह फैसला लिया कि हृदय की बीमारियों को देखते हुए यह शिविर लगे। डायरेक्टर डा. बीके जैन एवं डा. इलेश जैन ने लोगों से अपील की कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं। बताया कि 15 जून तक पंजीकरण किया जा रहा है। इन के मरीजों का इस कैंप के माध्यम से जांच एवं इलाज किया जाएगा। डॉ. आडवाणी ने बताया कि परीक्षण तिथि से पहले पंजीकरण कराना एवं हृदय स्वास्थ्य परीक्षण करवाना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए चिकित्सालय फोन नंबर पर 7471116346 संपर्क करें।

### एक जुलाई को लगेगी पेंशन अदालत

**चित्रकूट।** मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक जुलाई को उनके कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत लगेगी। इसमें चित्रकूट धाम मंडल के बांदा, हमीरपुर, महोबा व चित्रकूट के राजकीय कार्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद के सेवानिवृत कार्मिकों/ अध्यापकों व उनके आश्रितों के लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी-कन्नौज**

पत्र संख्या:वाक-इन-इन्टरव्यू/ चि0अ0 /2025/1118 दिनांक: 16/06/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक-मु0चि0अ0/ विज्ञप्ति/वॉक-इन-इंटरव्यू /2025-26/701 दिनांक-16.05.2025 द्वारा संविदा एम.बी.बी0एस0 चिकित्साधिकारी के पद पर वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से चयन किये जाने हेतु जो विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई थी उसमें अभ्यर्थियों के आवदेन स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक-10.06.2025 तक स्वीकार किये जाने की शर्त उल्लिखित की गई थी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आवेदन पत्रों को स्वीकार करने की तिथि दिनांक -10.06.2025 से स्थान पर दिनांक -17.06.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से उपलब्ध कराने हेतु तथा साक्षात्कार स्थल कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परिवर्तित करते हुये हर्षवर्धन सभागार, विकास भवन कन्नौज संशोधित की जाती है। निर्धारित तिथि तक यदि कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र कार्यालय में प्रेषित नहीं कर पाता है तो वॉक इन इन्टरव्यू के दिन अर्थात दिनांक-17.06.2025 को भी व्यक्तिगत रूप से हर्षवर्धन सभागार, विकास भवन कन्नौज में उपस्थित अभिलेखीय सत्यापन समिति को उपलब्ध करा सकते है।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**कन्नौज।**

## सार-संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से किसान की गई जान

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र के मवई कला मजरा बरम बाबा पुरवा में सोमवार रात एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि किसान बलराम (60) रात में अपने बोर पर काम कर रहे थे। अचानक पंखे में करंट उतर आया और उसके संपर्क में आने से वह बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने तुरंत बलराम को सीएससी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने गोली मारकर युवक की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। गौरतलब है कि सात जून को पारस वर्मा पुत्र प्रेमशंकर निवासी मुलायमनगर की उस समय गोली लगने से मौत हो गई थी, जब वह एक तालाब के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा था। इस संबंध में पिता ने मैकू दादा उर्फ रामशरण निषाद पुत्र स्व.सीताराम निवासी रानीपुर भट्ट पर तमंचे से पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी गल्ला मंडी समिति विवेक कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी थी। एसआई ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मैकू को रानीपुर भट्ट तालाब के बंधे पर बने बेंच पर बैठे हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पावर हाउस के पास खेत में दोस्त पारस के साथ बैठकर खा पी रहा था कि विवाद होने लगा। इस पर उसने तमंचे से उसके पेट में गोली मारी और भाग गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बंधोइन नदी में मंदिर के पास झाड़ियों के पास से तमंचा और चैंबर में फंसा खोखा कारतूस बरामद किया।

### महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी अंतर्गत रानीपुर भट्ट गांव में सोमवार देर रात गायत्री (45) ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि पति से झगड़ा होने से नाराज गायत्री रात में घर से चली गई थी। सुबह उसका शव घर के पीछे बगिया में नीम के पेड़ में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### टीम ने ढाबे में छापा मारा, मिलीं कई कमियां, दी नोटिस

**चित्रकूट।** ढाबों और होटलों में चोरीछिपे मांस और अंडे की बिक्री की जानकारी देते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम सक्रिय हो गई। सोमवार देर रात ही टीम ने बेड़ी पुलिया स्थित शंकर ढाबे में छापेमारी की। टीम ने यहां कई अनियमितता पाईं और नोटिस जारी की। गौरतलब है कि 'अमृत विचार' में मंगलवार के अंक में 'ढाबों-होटलों में चोरी छिपे परोसा जा रहा मांस-अंडा' शीर्षक से अनियमितताओं और नियमों की अनदेखी की खबर प्रकाशित की थी। इसकी पुख्ता जानकारी सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम को दी गई थी। टीम रात में ही सक्रिय हो गई और निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बेड़ी पुलिया के पास अमानपुर स्थि पुराना शंकर ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट में छापेमारी की। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि अंडा करी में मिलावट की आशंका पर इसका सैंपल लिया गया। कर्मचारियों का स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। कर्मचारी एप्रन, हेड कैप, हैंड ग्लब्स भी नहीं पहने थे। संचालक को इन कमियों को ठीक करने और अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# प्रस्ताव लागू हुआ तो चुनाव में आएगी पारदर्शिता

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस बार ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी जनता के वोटों से होगा। अगर ऐसा हुआ तो यह क्रांतिकारी और ऐतिहासिक कदम होगा। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह कहते हैं कि सरकार का यह निर्णय पारदर्शिता लाएगा।

गौरतलब है कि इस समय पंचायत चुनाव में फेरबदल की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस प्रस्ताव के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिल चुके हैं और सीएम भी इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे चुके हैं। अजीत कहते हैं कि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता से कराने का प्रस्ताव स्वागतयोग्य कदम है। इन चुनावों में धनबल, बाहुबल से लेकर गुंडई, अराजकता, खरीद फरोख्त और अपहरण जैसा नंगनाच होता था। अजीत ने बताया कि प्रदेश सरकार केंद्र के पास यह प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रही है, जिसके अनुसार ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता से कराया जाए। इन चुनावों में अब तक बीडीसी सदस्य और डीडीसी सदस्य ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष चुनते थे। चुनाव के समय जमकर धन का दुरुपयोग होने की बातें सामने आती थीं। सदस्यों के अपहरण से लेकर गुंडई और अराजकता का बोलबाला रहता था। प्रदेश सरकार ने अब मन बनाया है कि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता से कराया जाए। बताया जाता है कि सरकार जल्द ही केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव बनाकर भेजने की तैयारी कर रही है। सरकार के इस कदम से राजनीति में बड़ी शुचिता आएगी। जनता सीधे ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष चुनेगी।

● **ब्लाक प्रमुख, जिपंअ का चुनाव होगा ऐतिहासिक कदम : अजीत**


अजीत सिंह।

# कृषि विकास पर की जायेगी परिचर्चा

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान एवं विंध्याचल कृषक उत्पादक संगठन ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में लोहिया सभागार दीनदयाल परिसर चित्रकूट में दो दिवसीय संगोष्ठी होगी। इसमें कृषि विकास पर चर्चा की जाएगी। किसानों, सरकार और उद्यमियों के बीच समन्वय की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। इस संबंध में मंगलवार को उद्यमिता विद्यापीठ में हुई बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

संगोष्ठी का विषय टिकाऊ कृषि विकास के लिए समेकित तकनीकी एवं ग्रामीण कृषक क्रेता-विक्रेता है। दो दिवसीय गोष्ठी और कार्यशाला 15 जून से प्रारंभ होगी। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों, खरीदार कंपनियों, सरकारी संस्थाओं एवं कृषि तकनीकी, नवीन अन्वेषण के बीच विचार- विनिमय तथा समाधान केंद्रित संवाद को प्रोत्साहित करना है, जिससे टिकाऊ और लाभकारी कृषि व्यवस्थाओं को प्रोत्साहन मिल सके। दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबंधक डॉ. अनिल जायसवाल ने बताया कि संगोष्ठी में किसानों के लिए बेहतर बीजों की सुविधा केंद्रीकृत व्यवस्था, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा, रसायन मुक्त प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित करने आदि पर विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। डॉ. मनोज त्रिपाठी ने बताया कि इसमें प्रसंस्करण इकाइयों प्रत्येक समूह में पारंपरिक लघु प्रसंस्करण की इकाइयों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन, किसानों और उद्यमियों के बीच स्थायी संबंध स्थापित करने की रूपरेखा बनाई जाएगी। कार्यशाला के बाद किसान और सरकारी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय के लिए सुझाव तैयार किए जाएंगे। बैठक में राजेश त्रिपाठी, मनोज सैनी, विनीत श्रीवास्तव, मदन तिवारी, अनिल कुमार सिंह, निखिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

● **दीनदयाल परिसर में होगी दो दिवसीय संगोष्ठी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकासखण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक मेमो/मनरेगा, वित्त एवं एस0बी0एम0/विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक 10.06.2025

**अति अल्पकालीन निविदा-सूचना**

महा महिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एव व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक- 17.06.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकास खण्ड गोहाण्ड में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11.06.2025 से दिनाँक 17.06.2025 तक बेची जायेंगी तथा दिनाँक 18.06..2025 को 2 बजे तक सील्ड बॉक्स में डाली जायेगी तथा दिनाँक 18.06.2025 को समय 3 बजे निविदा दाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत कैमोखर विकास खण्ड गोहाण्ड से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रुप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्यालय का नाम | स्वीकृत लागत (लाख रू0 में) | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय से मदन के बाड़ा तक नाला निर्माण कार्य। | 428539.00 | (225+41) रू0 | तीन माह |
| 2. | रामस्वरूप के फाटक से देवनारायण के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 434454.00 | (225+41) रू0 | तीन माह |

अन्य शर्ते:

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर न पाए जाने की स्थिति में जमानत राशि जब्त करने के सम्बन्ध में एवं सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का निहित होगा।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयदार ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मेंनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से करली जायेगी।
8. किसी भी निविदा दाता को जिसका को जिसका आपराधिक रिकार्ड न हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जायेगी।
9. किसी भी प्रकार के बाद भी सुनवाई जनपद हमीरपुर में ही मान्य होगी।
10. सम्बन्धित ठेकेदार के प्रथम बिल से जमानत राशि की कटौती की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत कैमोखर**
**विकासखण्ड- गोहाण्ड (हमीरपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कैमोखर**
**विकासखण्ड- गोहाण्ड (हमीरपुर)**

**समर कैंप** | उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैंप का हुआ समापन, बच्चों ने जमकर की मस्ती

# बच्चों ने सीखीं व्यावहारिक बातें, बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की मानसिक शारीरिक बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए गर्मियों की छुट्टी में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगे समर कैंपों का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई और उनकी कलात्मक अभिरुचियों के अनुसार क्रियाकलाप कराए गए।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समापन अवसर पर प्रधानाचार्य पार्वती ने बताया कि बच्चों को योग, व्यायाम सिखाया गया। रस्साकशी, रस्सी कूद, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं और काष्ठ कला, कागज से चीजें बनाने की जानकारी दी गई। बताया कि समर कैंप छात्र- छात्राओं को नई चीजें सीखने का अवसर देने के साथ कौशल विकास और सामाजिक व्यावहारिकता सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। शिविर में रहकर बच्चे नए अवसरों को आजमाने और चुनौतियों का सामना करना सीखते हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास आता है। कैंप प्रभारी रसनामणि व सुनीता देवी ने बताया कि समर कैंप से बच्चों की रुचियों का पता कर इनकी प्रतिभा को विकसित किया जा सकता है।


छेछरिहा खुर्द में बच्चों के साथ खेलते खेल अनुदेशक श्यामसुंदर यादव। अमृत विचार

● **बच्चों ने रस्साकशी, रस्सी कूद, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में लिया भाग**


राजकीय बालिका इंटर कालेज राजापुर में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

### बच्चों ने पौधरोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक समर कैंपों का आयोजन किया गया। यह जिम्मेदारी अनुदेशकों और शिक्षामित्रों को दी गई थी। उच्च प्राथमिक विद्यालय छेछरिहा खुर्द में खेल शिक्षक श्याम सुंदर यादव के नेतृत्व में समर कैंप लगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। बच्चों ने पौधरोपण, स्वच्छता अभियान भी चलाया। प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी दिया गया।

